Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874


नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 286 | शुक्रवार, 17 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## अमित शाह ने समझाया प्लान

# भगोड़े अपराधियों को वापस लाने के लिए मोदी सरकार ने कसी कमर

**नई दिल्ली।**



भगोड़े अपराधियों को वापस लाने के लिए मोदी सरकार बड़ी तैयारी में जुटी में है।इसके लिए केंद्र से लेकर राज्य स्तर तक चुस्त-दुरूस्त प्रणाली बनाने का काम शुरू हो गया। इसकी झलक 'भगोड़ों का प्रत्यपर्ण, चुनौतियां और रणनीतियां' विषय पर आयोजित सम्मेलन में दिखी।

इस विषय पर पहली बार हुए सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने सभी राज्यों में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विशेष जेल बनाने, प्रत्यर्पण के मामलों की प्रभावी तैयारी के लिए एक्सपर्ट स्पेशल सेल और भगोड़े को वापस लाने में सीबीआई के साथ समन्वय के लिए विशेष यूनिट तैयार करने पर जोर दिया। शाह ने खुशी जताई कि डेढ़ साल पहले उनके द्वारा दिए सुझाव का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे भगोड़े अपराधियों को यह अहसास दिलाना होगा कि वह भारतीय कानून की पहुंच से दूर नहीं है। भारतीय जेलों के हालात का हवाला देकर विदेशी अदालतों में प्रत्यर्पण का विरोध को देखते हुए अमित शाह ने सभी राज्य सरकारों से अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विशेष जेल बनाने को कहा। ताकि प्रत्यर्पण के खिलाफ यह दलील बेमानी हो जाए।इसके साथ ही उन्होंने नए आपराधिक कानून के तहत अनुपस्थिति की स्थिति में भी आरोपियों पर केस चलाने के कानून का उपोग करने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि अदालत से सजा होने की स्थिति में भगोड़े अपराधी की स्थिति में बड़ा परिवर्तन आ जाता है। सजा से पहले निराधार आरोप का हवाला देकर वे प्रत्यर्पण का विरोध करते हैं। अमित शाह ने कहा कि भगोड़े अपराधियों को खोजने और वापस लाने के लिए सीबीआई ने विशेष ग्लोबल ऑपरेशन सेंटर स्थापित किया है।इससे दुनिया भर की पुलिस के साथ जानकारी का रियल टाइम आदान प्रदान हो रहा है।यहां तक इंटरपोल भी भारत के अनुरोध पर रिकॉर्ड संख्या में रेड कॉर्नर नोटिस जारी रहा है। इस साल नौ महीने में 189 से अधिक रेड कॉर्नर नोटिस जारी कर चुका है, जो एक रिकॉर्ड है। शाह ने कहा कि सभी राज्यों के अपने-अपने यहां के भगोड़े अपराधियों को वापस लाने के लिए सीबीआई के साथ समन्वय से काम करना चाहिए।इसके लिए हर राज्य में विशेष यूनिट हो, जो सीबीआई के साथ लगातार समन्वय करे।

### अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विशेष जेल बनेंगे

आर्थिक, साइबर, आतंकी घटनाओं और संगठित अपराध से जुड़े भगोड़े अपराधियों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार इन्हें रूथलेस अप्रोच से कानून के सामने खड़ा करने की व्यवस्था कर रही है। उन्होंने साफ किया कि जब तक देश के अर्थतंत्र, संप्रभुता व सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाले विदेश में बैठे लोगों के मन में भारतीय न्याय प्रणाली का भय नहीं होगा, तब तक देश को पूरी तरह से सुरक्षित नहीं किया जा सकता।

# पुतिन से हंगरी में मिलेंगे ट्रंप, यूक्रेन जंग खत्म करने को लेकर होगी बातचीत

**वाशिंगटन।**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि यूक्रेन युद्ध की समाप्ति के सिलसिले में वह जल्द ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में मुलाकात करेंगे। ट्रंप ने इस मुलाकात की तारीख नहीं बताई है। ट्रंप ने यह बात गुरुवार को पुतिन के साथ टेलीफोन पर दो घंटे हुई वार्ता के बाद कही है। अपने इंटरनेट मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने कहा, राष्ट्रपति पुतिन से यूक्रेन में युद्धविराम को लेकर महत्वपूर्ण वार्ता हुई है और यह मामले में बड़ी प्रगति है।इसी के बाद हम दोनों ने मिलने का फैसला किया है।

व्हाइट हाउस ने कहा है कि दोनों नेताओं की अच्छी और सकारात्मक वार्ता हुई है। अगले सप्ताह दोनों देशों के उच्च अधिकारी मुलाकात का कार्यक्रम तय करने के लिए मिलेंगे। वार्ता के बाद रूसी राष्ट्रपति के सलाहकार यूरी यूशाकोव ने बताया कि राष्ट्रपति पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति को बता दिया गया है कि यूक्रेन को टामहाक मिसाइल देने से क्षेत्र में शांति की संभावना कमजोर होंगी। इससे पहले 15 अगस्त को यूक्रेन में युद्धविराम और अन्य मुद्दों पर वार्ता के लिए दोनों नेता अलास्का के एंकोरेज में मिले थे। ट्रंप और पुतिन की ताजा टेलीफोन वार्ता यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात से पहले हुई है।इस मुलाकात में जेलेंस्की ट्रंप से युद्ध के लिए उन्नत हथियारों की मदद देने पर बात करने वाले हैं।ट्रंप भी कह चुके हैं कि अगर पुतिन ने युद्ध खत्म नहीं किया तो वह यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइल और अन्य उन्नत हथियार देंगे। इस बीच रूस ने गुरुवार को यूक्रेन पर ताजा हमले में 300 से ज्यादा ड्रोन और 37 मिसाइल दागे। इस बार भी रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों को निशाना बनाया। ठंडक के मौसम से पहले हो रहे इन हमलों से यूक्रेन की मुश्किलें बढ़नी तय हैं।

### गाजा में घुसकर हमास लड़ाकों को मारेंगे

ट्रंप ने कहा, गाजा में हमास ने यदि आमजनों को मारना जारी रखा तो हमारे पास कोई रास्ता नहीं बचेगा और हम गाजा में घुसकर हमास लड़ाकों को मारेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह बात अपने इंटरनेट मीडिया पोस्ट में कही है।

## समुद्री क्षेत्र में बढ़ रहे साइबर खतरे

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने गुरुवार को समुद्री क्षेत्र में साइबर खतरों की समझ विकसित करने और राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने के लिए मुख्य हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक सेमिनार आयोजित किया। 'साइबर हमलों का समुद्री क्षेत्र पर प्रभाव और राष्ट्रीय सुरक्षा एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर इसके प्रभाव' शीर्षक से, यह सेमिनार सुषमा स्वराज भवन में आयोजित किया गया। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि भारत के आर्थिक और सुरक्षा लक्ष्यों के लिए सरकार समुद्री क्षेत्र पर विशेष ध्यान दे रही है। यही वजह है कि 'समुद्र से समृद्धि' के दृष्टिकोण के तहत, भारत के समुद्री विकास को सागर अमृत काल दृष्टि 2047, सागरमाला और पीएम गति शक्ति जैसे पहलों द्वारा निर्देशित किया जा रहा है।

# उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश को लेकर भागीदारी बढ़ाएगा रूस, औद्योगिक विकास नीतियों का अध्ययन शुरू

**लखनऊ।**




राज्य में औद्योगिक निवेश में रूस अपनी भागीदारी बढ़ाएगा। रूस के औद्योगिक नीति विभाग ने उत्तर प्रदेश की औद्योगिक विकास की नीतियों का अध्ययन करना शुरू कर दिया है। इसके लिए इन्वेस्ट यूपी की तरफ से रूस के औद्योगिक संगठनों के साथ लगातार संवाद स्थापित किया जा रहा है। रूस के उद्योगपतियों ने निवेश में भागीदारी बढ़ाने पर सहमति जताई है। नतीजतन उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में राज्य में रूस के निवेशक बड़ी औद्योगिक परियोजनाओं में निवेश करेंगे। गुरुवार को इन्वेस्ट यूपी और रूस के निवेश एवं औद्योगिक नीति विभाग के मंत्री अनातोली मिखाइलोविच गाबुजीव ने आनलाइन बैठक में निवेश को लेकर विस्तृत चर्चा की। पिछले महीने नोएडा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के आयोजन रूस ने कंट्री पार्टनर के रूप में प्रतिभाग किया था। मेले में रूस के औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों की कई चरणों में बैठकें हुई थीं। इसके बाद हुई इस आनलाइन बैठक में इन्वेस्ट यूपी की टीम ने राज्य की प्रमुख निवेश नीतियों के बारे में जानकारी दी। दोनों पक्षों ने नवीकरणीय ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स, विनिर्माण और प्रौद्योगिकी आधारित उद्योगों में संभावित निवेश पर विचार-विमर्श किया। बैठक में दोनों पक्षों ने इस पर सहमति जताई है कि उत्तर प्रदेश और रूस के बीच औद्योगिक साझेदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा।

इन्वेस्ट यूपी ने रूस के प्रतिनिधियों को उत्तर प्रदेश आकर संभावित निवेश स्थलों का अवलोकन करने के लिए आमंत्रित किया है। वहीं, मास्को के उद्योगपतियों ने इन्वेस्ट यूपी को अपने आगामी रोड शो में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

## जस्टिस अतुल श्रीधरन के छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में ट्रांसफर की सिफारिश वापस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने केंद्र सरकार के पुनर्विचार के अनुरोध पर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अतुल श्रीधरन को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट स्थानांतरित करने की अपनी सिफारिश वापस ले ली है। कोलेजियम ने मामले पर पुनर्विचार करने के बाद जस्टिस श्रीधरन को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की जगह इलाहाबाद हाई कोर्ट स्थानांतरित करने की सिफारिश की है। सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने 25 अगस्त और 26 अगस्त 2025 को हुई बैठक में कुल 14 हाई कोर्ट न्यायाधीशों के स्थानांतरण का प्रस्ताव पारित किया था। कोलेजिमय ने जिन 14 न्यायाधीशों के स्थानांतरण की सिफारिश केंद्र सरकार को भेजी थी उस सूची में सबसे पहला नाम जस्टिस अतुल श्रीधरन का था।

# छत्तीसगढ़ में आज 190 माओवादी डालेंगे हथियार



**जगदलपुर।**

छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में शुक्रवार को 190 माओवादी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष हथियार डालने जा रहे हैं। इसके लिए अबूझमाड़ जंगल में सक्रिय माड़ डिवीजन के 140 माओवादी गुरुवार को समर्पण के लिए निकले हैं।इस समूह का नेतृत्व संगठन के प्रवक्ता माओवादी रूपेश और डिवीजन सचिव रणिता कर रहे हैं। यह दल इंद्रावती नदी पार कर भैरमगढ़ क्षेत्र में पुलिस सुरक्षा घेरे में पहुंच चुका है, जहां से उन्हें सुरक्षा के साथ जगदलपुर लाया जाएगा।इस दल में दो जोनल कमेटी सदस्य, 15 डिविजनल कमेटी सदस्य और 121 एरिया कमेटी व जनमिलिशिया कैडर शामिल हैं।उनके पास एके 47 सहित 71 हथियार हैं।50 माओवादी भी जगदलपुर लाए जा रहे हैं कांकेर में समर्पण कर चुके माओवादी भास्कर और राजू सलाम के नेतृत्व में 50 माओवादी भी जगदलपुर लाए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह पूर्व माड़ डिवीजन की सचिव रणिता ने घोषणा की थी कि 100 से अधिक माओवादी 15 अक्टूबर तक समर्पण करेंगे। बुधवार को छह करोड़ के इनामी माओवादी भूपति के साथ माड़ डिवीजन के 60 माओवादियों ने महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आत्मसमर्पण किया। अब माड़ डिवीजन के 140 तथा रावघाट एरिया कमेटी के 50 माओवादी समर्पण को निकल पड़े हैं। बता दें कि अबूझमाड़ में ही बसव राजू सहित 89 माओवादी मारे गए, जबकि दक्षिण बस्तर सब-जोनल प्रमुख और केंद्रीय समिति सदस्य सुजाता तथा सुधाकर की पत्नी ककराला सुनीता सहित 200 से अधिक माओवादी समर्पण कर चुके हैं।

### मुख्यमंत्री के समक्ष करेंगे समर्पण

## राजनाथ सिंह रहेंगे मौजूद

# आज पहली बार उड़ान भरेगा स्वदेशी तेजस एलसीए मार्क 1ए

**नासिक।**



भारत का स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके1ए शुक्रवार को एचएएल के नासिक संयंत्र से पहली बार उड़ान भरकर इतिहास रचेगा। हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के नासिक संयंत्र में निर्मित पहला एलसीए मार्क 1ए विमान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के समक्ष कौशल दिखाएगा। इस अवसर पर एचएएल की तीसरी प्रोडक्शन लाइन का भी उद्घाटन किया जाएगा। वायुसेना को मार्क 1 ए लड़ाकू जेट की तेजी से डिलीवरी करने के उद्देश्य से एचएएल ने नासिक में विमानों के लिए तीसरी प्रोडक्शन लाइन स्थापित की है। इससे एचएएल को वायुसेना द्वारा आर्डर किए गए 180 एलसीए मार्क 1ए विमानों की आपूर्ति 2032-33 की निर्धारित समय-सीमा तक करने में मदद मिलेगी।इस केंद्र की क्षमता प्रति वर्ष आठ विमानों के उत्पादन की है, जिसे बढ़ाकर 10 विमान प्रति वर्ष किया जा सकता है। पिछले महीने रक्षा मंत्रालय ने 97 तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमानों (68 च्सगल-सीटर और 29 ट्विन-सीटर ट्रेनर वेरिएंट) की आपूर्ति के लिए एचएएल के साथ 62,370 करोड़ रुपये का अनुबंध किया था। अधिकारियों ने बताया कि एलसीए एमके-1ए का उत्पादन तेजी से किया जा रहा है। कंपनी को हाल ही में अमेरिकी निमार्ता जनरल इलेक्ट्रिक से चार जीई-404 जेट इंजन मिले हैं, और इस वित्तीय वर्ष के अंत तक कुल 12 इंजन मिलने की उम्मीद है।

# भारत के साथ व्यापार के लिए उत्साहित विकसित देश, न्यूजीलैंड-पेरू और चिली के साथ भी हो रही बात

**नई दिल्ली।**



दुनिया के सभी प्रमुख देश भारत के साथ व्यापार बढ़ाने की चाहत में है। ऑस्ट्रेलिया, यूएई जैसे विकसित देशों के बाद यूरोप के चार देशों के समूह जिसे यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के नाम से जाना जाता है, के साथ व्यापार समझौता करने के बाद अब जल्द ही यूरोपीय यूनियन (ईयू) के साथ भारत का व्यापार समझौता होने जा रहा है।ब्रिटेन के साथ भी भारत का व्यापार समझौता हो चुका है जो अगले साल मार्च-अप्रैल से अमल में आ जाएगा। वाणिज्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक ईयू के साथ व्यापार समझौते की वार्ता लगभग पूरी हो चुकी है।एफ्टा देशों में स्विट्जरलैंड, नार्वे, आइसलैंड और लेस्टेंस्टाइन शामिल हैं।

# चीन को पछाड़ कर तीसरी ताकतवर वायुसेना बनी इंडिया एयर फोर्स

**नई दिल्ली।**

भारत ने वायुसेना की ताकत के मोर्चे पर चीन को पीछे छोड़ दिया है। वर्ल्ड डायरेक्टरी आफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट (डब्ल्यूडीएमएमए) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय वायुसेना (आइएएफ) अब अमेरिका और रूस के बाद दुनिया की तीसरी सबसे ताकतवर वायुसेना बन गई है।चीन के पास भारत से ज्यादा लड़ाकू विमान हैं, लेकिन आइएएफ ज्यादा आधुनिक और मिशन को अंजाम देने के लिए बेहतर तरीके से तैयार है। भारत की ताकत आधुनिक ट्रेनिंग, तेज प्रतिक्रिया और सटीक हमलों में है। ऑपरेशन सिंदूर में भी भारतीय वायुसेना ने अपनी यह क्षमता साबित की है।डब्ल्यूडीएमएमए हर साल दुनिया भर की वायुसेनाओं की ताकत को आंकती है। यह रैंकिंग सिर्फ विमानों की संख्या से नहीं बनती है। इसमें लड़ाकू ताकत, रक्षा क्षमता, लाजिस्टक सपोर्ट, ट्रेनिंग और तकनीकी आधुनिकता भी मायने रखती है। वायुसेनाओं की रैंकिंग और टीवीआर 1-अमेरिका 242.92-रूस 114.23-भारत 69.44-चीन 63.85-जापान 58.1नोटः टीवीआर को ट्रूवैल रेटिंग कहते हैं।



## संपादक की कलम से

# गाजा में कत्लेआम जारी

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप मसखरी करते रहें या विभिन्न देशों के राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों के सामने शेखी बघारते रहें अथवा दुनिया में शांति के नाम पर धौंस दिखाते रहें या रूस को ह्यटॉमहॉकह्न विनाशक क्रूज मिसाइलों की धमकी देते रहें, लेकिन फिलिस्तीन के गाजा में शांति फिलहाल अधूरी है। यह तब तक निरर्थक रहेगी, जब तक हमास के आतंकवादी हथियार नहीं डाल देते। राष्ट्रपति ट्रंप ने यहां भी शेखी बघारी है कि यदि हमास ने हथियार नहीं छोड़े, तो हम उसे निरस्त्र कर देंगे। शांति–समझौते पर दस्तखत कर हमास ने निरस्त्रीकरण पर सहमति जताई थी। सह–अस्तित्व शांति की बात स्वीकार की थी। बेशक युद्धविराम हो गया। हमास ने 20 इजरायली बंधकों को रिहा कर दिया। 4 बंधकों के शव भी सौंपे हैं और 20 बंधकों के शव अभी लौटाने हैं। हमास उन लाशों को रख कर क्या करेगा? इजरायल ने भी करीब 2000 फिलिस्तीनी और हमास के कैदी रिहा किए हैं। उनमें करीब 250 कैदी आजीवन कारावास के सजायाफ्ता थे। शांति के 20–सूत्रीय समझौते को पूरी तरह लागू करना चाहिए था, लेकिन 11–13 अक्तूबर को हमास के आतंकियों ने चेहरे पर नकाब पहन कर, आईएसआईएस आतंकियों की तर्ज पर, कुछ लोगों को घुटनों के बल बिठाया और पीछे से गोलियों की बौछार कर दी। हमास इन दो दिनों में 60 से अधिक लोगों की हत्याएं कर चुका है। मृतकों पर जासूसी के आरोप चस्पां किए गए और कत्लेआम कर दिया। हम इसे ह्यनरसंहारह्न करार देते हैं। ऐसे में राष्ट्रपति ट्रंप और कतर, मिस्र, तुर्किये सरीखे पर्यवेक्षक देशों के शांति–प्रयास बेमानी हैं। जब तक सभी हितधारक देश कानून नहीं बनाते और हमास के स्थान पर अरब एवं अंतरराष्ट्रीय सेना बल का गठन नहीं होता और फिलिस्तीनी प्राधिकरण के हाथों गाजा और पश्चिमी तट आदि का शासन नहीं दिया जाता, तब तक हमास का आतंकवाद जारी रहेगा। हमास के लिए शांति और स्थिरता के मायने ये हैं कि फिलिस्तीन में उनका वर्चस्व कायम रहे और नागरिक शासन उन्हीं के हाथों में रहे। क्या ट्रंप और अरब देशों ने गाजा में शांति और पुनर्वास का यही मसविदा, समझौता तैयार किया था? क्या गाजा के मौजूदा हालात इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू को गाजा पर फिर हमले शुरू करने को विवश कर रहे हैं? फिर शांति को पलीता लगा दिया जाएगा? राष्ट्रपति ट्रंप संयुक्त राष्ट्र से अभी तक ऐसा प्रस्ताव पारित नहीं करा पाए हैं, जो गाजा में हमास के निरस्त्रीकरण और सुरक्षा की निगरानी के लिए अंतरराष्ट्रीय शांति सेना का गठन कर सके। फिलिस्तीन सुरक्षा बल का गठन भी विचाराधीन है। गाजा के पुनर्वास और पुनरोत्थान पर जो अरबों डॉलर खर्च किए जाने हैं, वह राशि कहां से आएगी और कौन देगा, यह भी अभी तक अस्पष्ट है। यह भी अभी तक अस्पष्ट है कि उस फिलिस्तीनी कैबिनेट की नियुक्ति और प्रबंधन कौन करेगा, जो अंतत: गाजा को चलाएगा? दरअसल राष्ट्रपति ट्रंप की अध्यक्षता वाला शांति–बोर्ड अभी तक क्यों नहीं बन पाया, यह ट्रंप ही जानते हैं। ट्रंप को नेतन्याहू से अब यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह हमेशा उनके साथ ही रहेंगे अथवा खिलाफ भी जा सकते हैं! क्या नेतन्याहू इजरायली राजनीति के केंद्र में आकर एक ऐसा गठबंधन बना सकते हैं, जो नए फिलिस्तीनी प्राधिकरण के साथ मिल कर हमास की जगह ले सके और हमास को फिलिस्तीन से बाहर फेंका जा सके? क्या इस तरह इजरायल गाजा और पश्चिमी तट पर शासन करने की मंशा पूरी कर सकेगा? या नेतन्याहू वही खेल जारी रखेंगे, जो वह 1996 से अमरीकी राष्ट्रपतियों के साथ खेलते आए हैं? बहरहाल हमास के आतंकियों ने न केवल गाजा में कत्लेआम जारी रखा है, बल्कि वे सशस्त्र कई इलाकों में दिखाई दिए हैं। कहीं ट्रैफिक को नियंत्रित करते, तो कहीं तलाशी लेते हुए उन्हें देखा गया है। विश्लेषक मानते हैं कि हमास यह दिखाना चाहता है कि गाजा पर अब भी उसका शासन और वर्चस्व है। इजरायल का मानना है कि कुछ फिलिस्तीनी कबीले हमास से भिडे की तैयारी में हैं। स्थानीय मिलिशिया समूहों ने ऐलान किए हैं कि हम आत्मसमर्पण नहीं करेंगे, मरना पसंद करेंगे। गाजा में ऐसा टकराव बढ़ता रहा, तो वहां ह्यहैती जैसे हालातह्न बन सकते हैं। कमोबेश शांति की बात जमीनी नहीं है।



ललित शर्मा
संपादक

## माफी ना दुँगा

### उदय किशोर साह



### कविता

रहने दो मुझे जिस हालात में मैं हूँ
क्यूं मेरी जख्म पे नमक छिड़कते हो
मेरे मासुम दिल के नश्तर से जख्म दे
अब मरहम लगाने की बात करते हो

कितना अपना मैं समझा था तुमको
पर तुंने मेरी मजाक क्यूं उड़ाया था
तेरी हर ख्वाहिश पुरी करने हेतु मैं
तुमपर अपना सर्वस्व लुटाया था

पर तुंने मुझे शिकवा शिकायत ही दी
जिसे मैं कभी भूल नहीं सकता हूँ
रात तन्हा काली रात संग बिताया हूँ
दिन के उजाले अब मुझे याद आई

मेरे अरमानों से यूँ ही खेल कर तुमको
क्या मिल गया खुशियों का खजाना
जैसे मैं जी रहा हूँ आज जग में अकेला
मेरी अश्क तुम्हें भी रूला निश्चित जायेगी

मर कर भी तुम्हें कब्र से माफ ना करूँगा
ये मेरा भीष्म प्रतिज्ञा है आज दिलवर
मैं तो चला इस बेवफा जग से जानम
पर तुँ भी ना जी पाओगी सितमगर

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस- 17 अक्टूबर, 2025

# गरीबी है मानवता के भाल पर बड़ा कलंक



गोंदिया



विश्व समुदाय हर वर्ष 17 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस के रूप में मनाता है। यह दिन केवल एक स्मरण नहीं, बल्कि मानवता के समक्ष खड़ी सबसे बड़ी चुनौती पर मंथन का अवसर है। सभ्यता के विकास, तकनीकी प्रगति, आर्थिक विस्तार और वैश्विक व्यापार के बावजूद आज भी करोड़ों लोग रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित हैं। गरीबी एक आर्थिक स्थिति मात्र नहीं है, यह मनुष्य की गरिमा पर सबसे बड़ा आघात है-यह उसके सपनों, आत्मविश्वास और अस्तित्व को कुचलने वाला सामाजिक अभिशाप है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1992 में गरीबी को खत्म करने के प्रयासों और संवाद को बढ़ावा देने के लिए इस दिन की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य गरीबी में जी रहे लोगों के संघर्ष को स्वीकार करना और गरीबी के विभिन्न आयामों, जैसे कि आय की कमी, स्वास्थ्य और शिक्षा तक पहुँच की कमी आदि को संबोधित करना है। 2025 की थीम परिवारों के लिए सम्मान और प्रभावी समर्थन सुनिश्चित करके सामाजिक और संस्थागत दुर्व्यवहार को समाप्त करना है। इस दिवस का उद्देश्य गरीबी और इसके कारणों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, तथा गरीबी से जूझ रहे लोगों की समस्याओं को उजागर करना है।

आज दुनिया में लगभग सत्तर करोड़ लोग अत्यंत गरीबी में जीवन बिता रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र का लक्ष्य है कि 2030 तक अत्यंत गरीबी का अंत किया जाए, परंतु यह लक्ष्य अभी भी दूर प्रतीत होता है। युद्ध, जलवायु परिवर्तन, असमान आर्थिक नीतियाँ, जनसंख्या वृद्धि और बेरोजगारी ने गरीबी को नया रूप दिया है। अब गरीबी केवल रोटी की कमी नहीं, बल्कि अवसरों की असमानता और सामाजिक अन्याय का भी प्रतीक बन चुकी है। अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन कहते हैं-ह्लगरीबी केवल आय का प्रश्न नहीं है, यह स्वतंत्रता की कमी है।ह्व अर्थात जब किसी व्यक्ति के पास अपने जीवन को अपनी इच्छा के अनुसार ढालने के अवसर नहीं होते, तभी वास्तविक गरीबी जन्म लेती है। भारत ने पिछले कुछ दशकों में गरीबी घटाने के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। नीति आयोग के अनुसार, 2013-14 में जहाँ देश की 29 प्रतिशत आबादी बहुआयामी गरीबी में थी, वहीं 2019-21 तक यह घटकर लगभग 11 प्रतिशत रह गई। परंतु यह सफलता पूर्ण नहीं कही जा सकती, क्योंकि गरीबी का असर ग्रामीण इलाकों, दलितों, आदिवासियों और महिलाओं पर अभी भी अधिक है। गरीबी का सबसे बड़ा प्रभाव शिक्षा और स्वास्थ्य पर पड़ता है-जहाँ गरीब बच्चे स्कूल छोड़ने पर मजबूर होते हैं, वहीं परिवार बीमारी का खर्च नहीं उठा पाते। यह चक्र दर चक्र उन्हें फिर गरीबी में धकेल देता है।

आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार देना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत ग्यारह वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबी उन्मूलन के लिये उल्लेखनीय एवं सफलतम उपक्रम किये हैं, उन्होंने गरीबी को राष्ट्र निर्माण की केंद्र बिंदु नीति के रूप में प्रस्तुत किया। उनके नेतृत्व में सरकार ने गरीबी के खिलाफ लड़ाई को केवल कल्याण योजनाओं तक सीमित न रखकर आत्मनिर्भरता के आंदोलन में बदल दिया। जनधन-आधार-मोबाइल ट्रिनिटी ने गरीबों को औपचारिक बैंकिंग से जोड़ा, जिससे पारदर्शिता बढ़ी और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से करोड़ों परिवारों को सीधा लाभ मिला। प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीबों के सिर पर छत का सपना साकार किया और अब तक चार करोड़ से अधिक घरों का निर्माण हुआ है। उज्ज्वला योजना ने गरीब महिलाओं को धुएं से मुक्त जीवन दिया और यह योजना केवल गैस सिलेंडर नहीं, बल्कि समानता और सम्मान का प्रतीक बनी। आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने महामारी के कठिन दौर में गरीबों को सुरक्षा कवच दिया, वहीं आत्मनिर्भर भारत अभियान ने गरीबी उन्मूलन का दीर्घकालिक रास्ता रोजगार, कौशल और स्वाभिमान के माध्यम से खोला। प्रधानमंत्री का यह कथन इस दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है-ह्लगरीबी को खत्म करने के लिए सरकार नहीं, समाज को भी संवेदनशील बनना होगा। जब हर गरीब का सपना हमारा सपना बनेगा, तभी समृद्ध भारत बनेगा।ह्व

गरीबी केवल सरकारी योजनाओं से नहीं मिटेगी; इसके लिए एक व्यापक मानव-केंद्रित सोच की आवश्यकता है। शिक्षा को अधिकार नहीं, अवसर बनाना होगा, हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण मिलना चाहिए। समान आर्थिक अवसरों की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि शहरी और ग्रामीण भारत के बीच की खाई घटे। पूंजी का उद्देश्य केवल मुनाफा नहीं, बल्कि सामाजिक कल्याण भी होना चाहिए। साथ ही, महात्मा गांधी के शब्दों में, ह्लगरीबी सबसे बड़ी हिंसा है-यह भावना हमारे सामाजिक चरित्र में उतरनी चाहिए। जब तक समाज करुणा और साझेदारी की भावना नहीं अपनाएगा, तब तक गरीबी का अंत संभव नहीं। भारत आज गरीबी उन्मूलन का एक आदर्श मॉडल प्रस्तुत कर रहा है-जहाँ विकास का अर्थ केवल जीडीपी नहीं, बल्कि गरीब का उत्थान है।

यह संदेश दुनिया के लिए भी प्रेरणा है कि यदि सबसे बड़ा लोकतंत्र करोड़ों लोगों को गरीबी से ऊपर उठा सकता है, गरीब मुक्त भारत के सपने को आकार दे सकता है तो वैश्विक समुदाय भी एकजुट होकर यह कर सकता है। गरीबी केवल एक आर्थिक आंकड़ा नहीं, यह मानवता की परीक्षा है। जब तक दुनिया के किसी कोने में कोई व्यक्ति भूखा सोएगा, तब तक सभ्यता का विकास अधूरा रहेगा। अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि ह्लसच्ची प्रगति वही है, जिसमें समाज के सबसे आखिरी व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान हो।

# धनतेरस से भाई दूज तक पंचदिवसीय महापर्व- समृद्धि पवित्रता भक्ति और प्रेम की सांस्कृतिक सरगम

वैश्विक स्तरपर अगर हम गहराई से देखें तो भारत में करीब करीब हर दिन किसी न किसी पर्व को मनाने का होता है। कभीसामाजिक, जातीय, धार्मिक, राष्ट्रीय तो कभी चुनावी महापर्व जैसे 6 व 11 नवंबर 2025 को बिहार विधानसभा का चुनावी महापर्व तथा 14 नवंबर 2025 को परिणाम आने का महापर्व मनाने का दिन है, दूसरी ओर 15 अक्टूबर 2025 को 4 वर्षो के बाद दीवाली से पहले सुप्रीम कोर्ट ने पटाखा प्रेमियों के लिए राहत भरा फैसला दिया है।कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों की बिक्री और उपयोग की अनुमति दे दी है।मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह निर्णय संतुलित दृष्टिकोण के साथ लिया गया है, जिससे उत्सव की भावना और पर्यावरण दोनों की रक्षा हो सके।इन त्योहारों का एक महत्वपूर्ण भाव अनेकता में एकता है, इसके कारण ही भारत एक विशालकाय जनसंख्या वाला देश विभिन्न धर्मो जातियों उपजातियों के बीच सर्वधर्म सद्भाव के प्रेमसे संजोया हुआ एक खूबसूरत गुलदस्ता है, इसीलिए ही हर धर्म समाज का पर्व हर दिन आना स्वाभाविक है। परंतु उन कुछ पर्वों में से धनतेरस से दीपावली और फिर छठ महापर्व एक ऐसा खूबसूरत त्यौहार पर्व है जिसे भारत में ही नहीं पूरी दुनियाँ में बसे भारतवंशियों द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया जाता है, जिसकी शुरूआत 18 अक्टूबर 2025 से हो रही है जो 5 दिन तक बड़ी सौहार्दपूर्ण के साथ और खुशियों के साथ मनाया जायेगा, फिर अब दीपावली के छठवें दिन से छठ पर्व मनाया जाएगा, जो धार्मिक आस्था का खूबसूरत प्रतीक है। चूंकि दीप जले दीपावली आई, धनतेरस से दीपावली का आगाज होगा और पांच दिवसीय दीपावली पर्व का धनतेरस के भावपूर्ण स्वागत से शुरू हो जायेगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे दुनियां के हर देश में बसे भारतवंशी धनतेरस से भाई दूज तक फिर छठ के महात्योहार में खुशियों से सराबोर होंगे।

साथियों बात अगर हम दीपावली महापर्व की शुरूआत धनतेरस शनिवार 18 अक्टूबर 2025 से शुरू होने की करें तो, दीपावली का शुभारंभ धनतेरस के दिन से ही हो जाता है और भाई दूज तक यह 5 दिवसीय उत?सव मनाया जाता है। सबसे पहले धनतेरस, फिर नरक चतुर्दशी, उसके बाद बड़ी दिवाली, फिर गोवर्द्धन पूजा और सबसे आखिर में भाई दूज पर इस पर्व की समाप्ति होती है।धनतेरस इस बार 18 अक्टूबर 2025 को मनाई जा रही है, वैसे बता दे कुछ लोग 19 तारीख को भी मना रहे हैं कार्तिक मास के कृष?ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस मनाई जाती हैपौराणिक मान?यताओं में यह बताया गया है कि कार्तिक मास के कृष?ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को समुद्र मंथन से भगवान धनवंतरी प्रकट हुए थे और उनके हाथ में अमृत से भरा कलश था। उन?हें विष?णु भगवान का अवतार माना जाता है। धनतेरस को उनके प्राकट्योत?सव के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन धन के देवता कुबेरजी और धन की देवी मां लक्ष?मी की पूजा की जाती है और सोने-चांदी के अलावा बर्तनों की खरीद करते हैं। धनतेरस को लेकर ऐसी मान?यता है कि इस दिन खरीदी गई वस?तुओं में 13 गुना वृ?द्धि होती है और हमको धन की कमी नहीं होती।मृत जीवित हो आता था। विधाता के कार्य में यह बहुत




बड़ा व्यवधान पड़ गया। सृष्टि में भयंकर अव्यवस्था उत्पन्न होने की आशंका के भय से देवताओं ने इन्हें छल से लोप कर दिया। वैद्यगण इस दिन धन्वंतरी जी का पूजन करते हैं और वर मांगते हैं कि उनकी औषधि व उपचार में ऐसी शक्ति आ जाए जिससे रोगी को स्वास्थ्य लाभ हो। सद?गृहस्थ इस दिन अमृत पात्र को स्मरण कर नए बर्तन घर में लाकर धनतेरस मनाते हैं। आज के दिन ही बहुत समय से चले आ रहे मनो मालिन्य को त्याग कर यमराज ने अपनी बहिन यमुना से मिलने हेतु स्वर्ग से पृथ्वी की ओर प्रस्थान किया था। गृहणियां इस दिन से अपनी देहरी पर दीपक दान करती हैं, जिससे यमराज मार्ग में प्रकाश देखकर प्रसन्न हों और उनके गृह जनों के प्रति विशेष करुणा रखें। इस वर्ष यह पर्व 18 अक्टूबर 2025 ई॰ शनिवार को मनाया जा रहा है,



ललित गर्ग

इसी दिन प्रातः सूर्योदय से ही त्रयोदशी तिथि का आगाज हुआ।अतः उदय व्यापिनी त्रयोदशी होने के कारण प्रदोष व्रत के साथ-साथ प्रदोष काल में दीपदान का विशेष महत्व रहेगा। साथियों बात अगर हम पांच दिवसीय दीपावली महापर्व की करें तो (1) पहला दिन - पहले दिन को धनतेरस कहते हैं। दीपावली महोत्सव की शुरूआत धनतेरस से होती है। इसे धन त्रयोदशी भी कहते हैं। धनतेरस के दिन मृत्यु के देवता यमराज, धन के देवता कुबेर और आयुर्वेदाचार्य धन्वंतरि की पूजा का महत्व है। इसी दिन समुद्र मंथन में भगवान धन्वंतरि अमृत कलश के साथ प्रकट हुए थे और उनके साथ आभूषण व बहुमूल्य रत्न भी समुद्र मंथन से प्राप्त हुए थे। तभी से इस दिन का नाम 'धनतेरस' पड़ा और इस दिन बर्तन, धातु व आभूषण खरीदने की परंपरा शुरू हुई।इसे रूप चतुर्दशी भी कहते हैं।(2) दूसरा दिन - दूसरे दिन को नरक चतुर्दशी रूप चौदस और काली चौदस कहते हैं। इसी दिन नरकासुर का वध कर भगवान श्रीकृष्ण ने 16,100 कन्याओं को नरकासुर के बंदीगृह से मुक्त कर उन्हें सम्मान प्रदान किया था।इस उपलक्ष्य में दीयों की बारात सजाई जाती है। इस दिन को लेकर मान्यता है कि इस दिन सूर्योदय से पूर्व उबटन एवं स्नान करने से समस्त पाप समाप्त हो जाते हैं और पुण्य की प्राप्ति होती है। वहीं इस दिन से एक ओर मान्यता जुड़ी हुई है जिसके अनुसार इस दिन उबटन करने से रूप व सौंदर्य में वृद्धि? होती है। इस दिन पांच या सात दीये जलाने की परंपरा है। इस बार यह पर्व 19 अक्टूबर 2025 रविवार को मनाया जाएगा।(3) तीसरा दिन- अब आता है इस लड़ी के मध्य दैदीप्यमान मंजूषा का उल्लास और उत्साह से भरा महान पर्व दीपावली और महालक्ष्मी पूजन तीसरे दिन को दीपावली कहते हैं।

यही मुख्य पर्व होता है। दीपावली का पर्व विशेष रूप से मां लक्ष्मी के पूजन का पर्व होता है। कार्तिक माह की अमावस्या को ही समुद्र मंथन से मां लक्ष्मी प्रकट हुई थीं जिन्हें धन, वैभव, ऐश्वर्य और सुख- समृद्धि की देवी माना जाता है। अतः इस दिन मां लक्ष्मी के स्वागत के लिए दीप जलाए जाते हैं ताकि अमावस्या की रात के अंधकार में दीपों से वातावरण रोशन हो जाए।दूसरी मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान रामचन्द्रजी माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ 14 वर्षों का वनवास समाप्त कर घर लौटे थे। श्रीराम के स्वागत हेतु अयोध्या वासियों ने घर-घर दीप जलाए थे और नगरभर को आभायुक्त कर दिया था। तभी से दीपावली के दिन दीप जलाने की परंपरा है। 5 दिवसीय इस पर्व का प्रमुख दिन लक्ष्मी पूजन अथवा दीपावली होता है।इस दिन रात्रि को धन की देवी लक्ष्मी माता का पूजन विधिपूर्वक करना चाहिए एवं घर के प्रत्येक स्थान को स्वच्छ करके वहां दीपक लगाना चाहिए जिससे घर में लक्ष्मी का वास एवं दरिद्रता का नाश होता है। इस दिन देवी लक्ष्मी, भगवान गणेश तथा द्रव्य, आभूषण आदि का पूजन करके 13 अथवा 26 दीपकों के मध्य 1 तेल का दीपक रखकर उसकी चारों बातियों को प्रज्वलित करना चाहिए एवं दीपमालिका का पूजन करके उन दीपों को घर में प्रत्येक स्थान पर रखें एवं 4 बातियों वाला दीपक रातभर जलता रहे, ऐसा प्रयास करें।(4)चौथा दिन - इस लड़ी का चौथा माणिक है कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा। यह पर्व भारत की कृषि-प्रधानता, पशुधन उद्योग व व्यवसाय का प्रतीक है।इसी दिन श्री कृष्ण ने अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को छत्र की तरह धारण करके वनस्पति तथा लोगों की इंद्र के प्रकोप से रक्षा की थी। यह गोवर्धन पर्व अन्नकूट के नाम से विख्यात है। इस दिन नाना प्रकार के खाद्यान्न बनाए जाते हैंघी, दूध, दही से युक्त इनका भोग भगवान को लगाया जाता है। शिल्पकार व श्रमिक वर्ग आज के दिन विश्वकर्मा का पूजन भी श्रद्धा भक्तिपूर्वक करते हैं। आज चहुंमुखी विकास और वृद्धि की कामना से दीप जलाए जाते हैं। इस वर्ष यह पर्व 21 आक्टोबर 2025, मंगलवार को मनाया जाएगा।कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट उत्सव मनाना जाता है।इसे पड़वा या प्रतिपदा भी कहते हैं। खासकर इस दिन घर के पालतू बैल, गाय, बकरी आदि को अच्छे से स्नान कराकर उन्हें सजाया जाता है। फिर इस दिन घर के आंगन में गोबर से गोवर्धन बनाए जाते हैं और उनका पूजन कर पकवानों का भोग अर्पित किया जाता है। इस दिन को लेकर मान्यता है कि त्रेतायुग में जब इन्द्रदेव ने गोकुलवासियों से नाराज होकर मूसलधार बारिश शुरू कर दी थी, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर गांववासियों को गोवर्धन की छांव में सुरक्षित किया। तभी से इस दिन गोवर्धन पूजन की परंपरा भी चली आ रही है। (5) पांचवां दिन - माला का पांचवा चमकता पर्व आता है- स्नेह, सौहार्द व प्रीति का प्रतीक यम द्वितीया अथवा भैया-दूज। इस दिन कार्तिक शुक्ल को यमराज अपने दिव्य स्वरूप में अपनी भगिनि यमुना से भेंट करने पहुंचते हैं।इस दिन को भाई दूज और यम द्वितीया कहते हैं। भाई दूज, पांच दिवसीय दीपावली महापर्व का अंतिम दिन होता है। भाई दूज का पर्व भाई-बहन के रिश्ते को प्रगाढ़ बनाने और भाई की लंबी उम्र के लिए मनाया जाता है। रक्षाबंधन के दिन भाई अपनी बहन को अपने घर बुलाता है जबकि भाई दूज पर बहन अपने भाई को अपने घर बुलाकर उसे तिलक कर भोजन कराती है और उसकी लंबी उम्र की कामना करती है।इस दिन को लेकर मान्यता है कि यमराज अपनी बहन यमुनाजी से मिलने के लिए उनके घर आए थे और यमुनाजी ने उन्हें प्रेमपूर्वक भोजन कराया एवं यह वचन लिया कि इस दिन हर साल वे अपनी बहन के घर भोजन के लिए पधारेंगे। साथ ही जो बहन इस दिन अपने भाई को आमंत्रित कर तिलक करके भोजन कराएगी, उसके भाई की उम्र लंबी होगी। तभी से भाई दूज पर यह परंपरा बन गई।

# इंद्रप्रस्थ कॉलेज में दीपावली उत्सव का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी



**सहारनपुर/ नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी सहारनपुर में दिवाली उत्सव का आयोजन किया गया जिसकी थीम रही युवा शक्ति आत्मनिर्भर भारत का उत्सव। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ पूनम शर्मा ने रिबन काटकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में उद्यमिता की भावनाओं को बढ़ावा देना रहा। अलग-अलग विभागों के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अलग-अलग तरह के कई स्टॉल लगाए। छात्रों ने पारंपरिक और आधुनिक दोनों प्रकार की कलाओं का मिश्रण प्रस्तुत किया जो दर्शकों के लिए बेहद मंत्र मुग्ध रहा। छात्रों ने स्टॉल और उद्यमिता के लिए विभिन्न स्टालों पर अपने विचार और अनुभव साझा किया। छात्रों ने विभिन्न स्टॉल में खान पान, पेंटिंग, विभिन्न प्रकार के गेम, लक्की ड्रा, साज सज्जा का सामान, आदि स्टॉल लगाए। छात्र छात्राओं ने अपने स्टॉल का प्रचार करते हुए खूब प्रशंसा बटोरी। मुख्य अतिथि डॉ पूनम शर्मा ने कहा कि विभिन्न स्टालों में छात्रों ने अपनी कला हुनर और विचारों को प्रस्तुत किया है। खाने के स्वादिष्ट पकवानों से लेकर हस्तशिल्प, गेम्स और सांस्कृतिक प्रस्तुति तक हर स्टॉल में कुछ नया और खास है। संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने सभी छात्रों को इस आयोजन हेतु बधाई देते हुए कहा कि दिवाली अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का प्रतीक है यह उत्सव हमें एकजुट होकर खुशियां बांटने और अपने अंदर की रचनात्मक को सामने लाने का अवसर देता है। कार्यक्रम में संस्था का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्रा में उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया



**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिला पंचायत सभागार में एक दिवसीय बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी सुश्री निशा ग्रेवाल की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में उपायुक्त (स्वरोजगार) सूबेदार सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक धीरज कुमार झा, डीडीएम नाबार्ड श्री आशीष कुमार, परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह एवं एनआईआरडी के प्रशिक्षक रमेश कुमार अरोड़ा सहित जिले के सभी बैंक समन्वयक, शाखा प्रबंधक, मिशन प्रबंधक व बैंक सखियों ने सहभागिता की। कार्यशाला में स्वयं सहायता समूहों के खाते खोलने, बैंक क्रेडिट लिंकेज, वित्तीय साक्षरता और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया गया। एनआईआरडी प्रशिक्षक अरोड़ा ने आरबीआई के दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी।

अंत में उपायुक्त (स्वरोजगार) ने धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यशाला का समापन किया।

# डॉ. उदिता राजपूत राष्ट्रीय मंच पर भारतीय अवार्ड काउंसिल ने किया सम्मानित

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**चाँदपुर-** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और समर्पित कार्यशैली के लिए गुलाब सिंह हिन्दू महाविद्यालय चाँदपुर-सियाऊ की अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. उदिता राजपूत को भारतीय अवार्ड काउंसिल द्वारा नई दिल्ली के होटल रेडिसन ब्लू मेपल गोल्ड में आयोजित सम्मान समारोह के अंतर्गत प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

इस उपलब्धि से न केवल कॉलेज परिवार, बल्कि पूरे जनपद में हर्ष और गर्व की लहर दौड़ गई है। डॉ. उदिता राजपूत लंबे समय से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और शिक्षा में नवाचार लाने के लिए निरंतर प्रयासरत रही हैं। उनके द्वारा शिक्षा को रोचक, रचनात्मक और व्यवहारिक बनाने के लिए अपनाए गए नवीन तरीकों ने छात्रों को नई दिशा दी है। उनके स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन में सैकड़ों विद्यार्थी आज विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं पुरस्कार वितरण समारोह में देशभर के शिक्षाविदों, प्रोफेसरों और शिक्षा विशेषज्ञों की मौजूदगी में डॉ. उदिता राजपूत को इस प्रतिष्ठित सम्मान से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान देने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जागरूक, संवेदनशील और सशक्त बनाने की प्रक्रिया है। यह सम्मान मेरे विद्यार्थियों और संस्थान के सहयोग का परिणाम है। कॉलेज प्राचार्य, प्रबंधन समिति, तथा शिक्षण स्टाफ ने डॉ. राजपूत को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उनका यह सम्मान आने वाली युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा इस उपलब्धि से गुलाब सिंह हिन्दू महाविद्यालय ने एक बार फिर साबित किया है कि समर्पित शिक्षक ही राष्ट्र निर्माण की सच्ची नींव होते हैं डॉ. उदिता राजपूत का यह राष्ट्रीय सम्मान निस्संदेह चाँदपुर और बिजनौर जिले के लिए गौरव का विषय है।

## गागलहेडी पुलिस ने सिर्फ 14 घंटे में पुलिस ने सवारी से हुई लूट का किया खुलासा, तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी

**सहारनपुर /गागलहेडी।** गागलहेड़ी पुलिस ने मात्र 14 घंटे में सवारी से हुई लूट का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से नकदी, बैग, बैंक पासबुक, घटना में प्रयुक्त टैम्पू और अवैध हथियार बरामद किए गए हैं।थाना प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा ने बताया कि वादी मांगे राम सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी हरियाबांस ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सोमवार की शाम को घर लौटते समय अज्ञात टैम्पू चालक और उसके दो साथियों ने रास्ते में टैम्पू रोककर उनके हाथ से बैग छीन लिया, जिसमें नकद रुपये और को ऑपरेटिव बैंक की पासबुक थी जिसके बाद गागलहेडी थाना प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में गागलहेडी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दया शुगर मिल के सामने हरियाबांस ओवरब्रिज के पास कच्चे रास्ते से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान आलम पुत्र जमील अहमद निवासी ग्राम उग्राहू, शावेज पुत्र इमरान निवासी धनकटी कैलाशपुर, और हारुन पुत्र सलीम निवासी नूर मस्जिद कैलाशपुर थाना गागलहेड़ी, जिला सहारनपुर के रूप में हुई है।इनके कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, दो नाजायज चाकू, लूटे गए 2000 रुपये में से बचे 1510 रुपये, एक बैग, बैंक पासबुक और टैम्पू बरामद किया गया।पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नशे के आदी हैं और नशे के लिए पैसे न होने के कारण उन्होंने लूट की वारदात की योजना बनाई थी। भगवानपुर तिराहे से सवारी बैठाकर हरियाबांस जाते समय उन्होंने जंगल के पास टैम्पू रोककर वादी से रुपये और सामान लूट लिया था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम गागलहेड़ी थाना प्रभारी प्रवेश कुमार, शर्मा उपनिरीक्षक राकेश शर्मा, उपनिरीक्षक रामचरन सिंह, हेड कॉन्स्टेबल विपिन कुमार, हेड कॉन्स्टेबल निशांत और हेड कॉन्स्टेबल राकेश राणा शामिल रहे।

# पढ़ाई के साथ-साथ जीवन में प्रतियोगिताएं भी बहुत महत्वपूर्ण होती है : साईम राजा

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर किरतपुर।मरियम गर्ल्स कॉलेज आफ हायर एजुकेशन में दीया एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज की अध्यक्ष श्रीमती मरियम साईम ने फीता काटकर किया।कार्यक्रम का संचालन कुमारी सोनी ने किया। कॉलेज के प्रबंधक मोहम्मद साइम राजा ने छात्रों को अपने विचारों से अभिभूत करते हुए कहां की पढ़ाई के साथ-साथ जीवन में प्रतियोगिताएं भी बहुत महत्वपूर्ण होती है प्रतियोगिताएं हमारे जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है।कॉलेज की अध्यक्ष श्रीमती मरियम साईम ने दीया व रंगोली में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राएं हुमैरा, अल्फिशा, जोली, साक्षी, प्रथम, मंतशा, चांदनी द्वितीय, अरूबा, असमा, सानिया, सोफिया, समरीन तृतीय को मेडल पहना कर उनका उत्साह वर्धन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौलाना मोहम्मद अली जोहर हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट के प्राचार्य डॉ० मोहित बंसल ने छात्राओं की रंगोली प्रतियोगिता को सराहते हुए उनको हार्दिक बधाई दी।

वहीं प्राचार्य श्रीमती नीति सिरोही ने सभी आने वाले अतिथियों का आभार व्यक्त किया। रुपेश त्यागी, मोहम्मद रिहान,डॉ० फारेहा,ईरम,सुमन, लता शर्मा, शेबी शाकिर, कुकन देवी, सुमैया परवीन आदि ने कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग दिया।

## बिजनौर में सड़क हादसे में ऑपरेटर की मौत

वेलकम इंडिया महमूद रजा



बिजनौर के रामपुर कला के पास कल्लूवाला-बादीगढ़ मार्ग पर एक सड़क हादसे में सिद्धार्थ पेपर मिल के एक ऑपरेटर की मौत हो गई। यह हादसा ड्यूटी जाते समय ट्रैक्टर-ट्राली और बाइक की टक्कर से हुआ। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक की पहचान केहरीपुर जंगल निवासी ओमप्रकाश सिंह (47) के रूप में हुई है।रविवार शाम वह अपने भतीजे राजू पुत्र वीरेंद्र के साथ बाइक से काशीपुर (उत्तराखंड) जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि राजू को मामूली चोटें आईं।घटना की सूचना पर पीआरवी टीम के भूपेंद्र गंगवार और शकील अहमद मौके पर पहुंचे। उन्होंने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल ओमप्रकाश को कासमपुरगढ़ी पीएचसी में भर्ती कराया। वहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ओमप्रकाश की पत्नी मीनाक्षी देवी ने बताया कि वह काशीपुर स्थित सिद्धार्थ पेपर मिल में ऑपरेटर का काम करते थे और रविवार शाम ड्यूटी पर जा रहे थे।

## पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना गंज का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना गंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, थाना परिसर में आवासों की स्थिति, साफ-सफाई, रख-रखाव व थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चैक किया गया, साथ ही थाना परिसर में बने मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। तदोपरान्त आगामी पवित्र त्योहार दीपोत्सव(दीपावली), अपराध नियन्त्रण, कानून/शान्ति व्यवस्था, मिशन शक्ति अभियान-5 (सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु) तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत थाना गंज क्षेत्रान्तर्गत महत्वपूर्ण/भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर मय पुलिस बल पैदल गश्त कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना केमरी क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने थाना केमरी क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की व्यवस्थाओं, अभिलेखों के संधारण, साफ-सफाई की स्थिति तथा पुलिस कर्मियों की उपस्थिति का जायजा लिया गया। तत्पश्चात क्षेत्र में पैदल मार्च कर आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं जनसुरक्षा से संबंधित तैयारियों का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने हेतु विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में सुगम एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी दशा में अवैध अतिक्रमण न होने दिया जाए। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को संयुक्त रूप से निर्देशित किया कि अतिक्रमण की रोकथाम हेतु निरंतर अभियान चलाया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि त्यौहारों के दौरान भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस बल की प्रभावी तैनाती सुनिश्चित की जाए और जनसहभागिता एवं सामुदायिक संवाद के माध्यम से शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनाए रखा जाए।

## जीजीआईसी की छात्रा रिया रानी बनी एक दिन की जिलाधिकारी बिजनौर



वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर दिनांक 16,10,2025 को मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जिलाधिकारी बिजनौर के आदेशानुसार राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा रिया रानी को एक दिन का जिलाधिकारी बनाया गया ,जिसमें जिलाधिकारी महोदया के आदेशानुसार रिया रानी को जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठा कर कार्यभार संभाला गया, रिया रानी द्वारा जनता दरबार में जनता की समस्याओं को सुना गया, संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए जल्द से जल्द शिकायतों का निस्तारण होना चाहिए, रिया रानी द्वारा सभी अधिकारियों की बैठक ली गई ,जिसमें रिया रानी द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया सभी अपने-अपने विभागों के कार्यों को सुचारु रुप से करें उसके बाद रिया रानी के द्वारा विकास भवन का भी निरक्षण किया गया ,उसके बाद प्राथमिक विद्यालय का भी निरक्षण किया गया नुमाइश ग्राउंड में लग रहे स्वदेशी मेले का भी एक दिन की जिलाधिकारी रिया रानी द्वारा दौरा किया गया ,जिला अधिकारी महोदया श्री मति जसजीत कौर जी के द्वारा रिया रानी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनको बधाई दी गई।

# पूर्व मंत्री एवं एमएलसी अशोक कटारिया ने पुस्तकालय भवन का किया लोकार्पण

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा





**नूरपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम रामोरूपपुर में बाल कल्याण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज प्रांगण में पुस्तकालय का पूर्व परिवहन मंत्री एवं एमएलसी अशोक कटारिया ने फीता काटकर उद्घाटन किया। ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने मुख्य अतिथि पूर्व परिवहन मंत्री एवं एमएलसी अशोक कटारिया को सरस्वती की प्रतिमा भेट की। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान राम दरबार भेंट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख आकांक्षा चौहान एवं संचालन सरदार हरभजन सिंह ने किया।

कार्यक्रम में अशोक कटारिया ने कहा कि पुस्तकालय से छात्र-छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी और लाईब्रेरी को इन्टरनेट सेवा से जोड़ा जायेगा। अशोक कटारिया ने ब्लॉक प्रमुख के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र में पुस्तकालय का निर्माण कराकर छात्र- छात्राओं को उपहार दिया हैं। ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने कहा कि पुस्तकालय में छात्र- छात्राओं के लिए अच्छी सुविधा उपलब्ध रहेंगी। जिससे क्षेत्र के बच्चों का विकास होगा। उन्होंने कहा कि इसमें सांठ बच्चे एक साथ बैठकर शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने अतिथियों सहित समस्त आगन्तुकों का आभार प्रकट किया।

इस मौके पर समाजसेवी राशु चौहान, खण्ड विकास अधिकारी दिनेश पाल शर्मा, देशबंधु चौहान, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जुगनू चौधरी, नूरपुर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, गोहावर मंडल अध्यक्ष विनय चौहान, मोरना मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी, सहसपुर मंडल अध्यक्ष खजान सिंह, भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री सत्यवीर चौहान, गौरव त्यागी, एडीओ सलीम अहमद, रवि चौधरी, शेखर कुमार, नीरज चौहान सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने नष्ट कराई 741 किलों मिठाई और केक

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**





**सिद्धार्थनगर।** दीपावली त्योहार पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थ की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए सहायक आयुक्त (खाद्य) के निर्देशन में बृहस्पतिवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न किस्म की 741 किलोग्राम मिठाई नष्ट कराई गई। 349 किलो बेसन सीज किया और चार नमूने जांच के लिए संग्रहीत किए गए।

अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम की ओर से सनई चौराहा से छेना-मिठाई का नमूना लिया गया। 40 किलोग्राम छेने की मिठाई नष्ट कराई। परसा शाह आलम स्थित मिठाई निर्माण इकाई से लच्छा बर्फी, डोडा बर्फी, सूजी का हलवा केक का नमूना संग्रहीत करते हुए 305 किलोग्राम लच्छा बर्फी, 161 किलोग्राम डोडा बर्फी सीज की। 200 किलोग्राम सूजी हलवा केक, 35 किलोग्राम डोडा बर्फी नष्ट कराई गई।

शिव नगर डीडई, बांसी से नमूना संग्रहीत करते हुए 349 किलोग्राम बेसन सीज किया। जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य) आरएल यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# सैफई जाने वाले साइकिल यात्रा को नपा अध्यक्ष दिखाई हरी झंडी



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बांसी/सिद्धार्थनगर।** जिले के बांसी विधानसभा क्षेत्र निवासी लक्ष्मण यादव को बृहस्पतिवार को नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने अपने आवास से सपा संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री के आवास सैफई तक साइकिल यात्रा के लिए पार्टी का झंडा दिखाकर रवाना किया है।

इस दौरान वह लोगों को आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने की अपील करेंगे और दीपावली का दीप सैफई में जलाएंगे।

नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि युवा नेता लक्ष्मण प्रसाद यादव दिवाली के शुभ अवसर पर साइकिल से सैफई के लिए रवाना हुए है। बांसी नपा अध्यक्ष चमन आरा ने बताया यह समाजवादी पार्टी के लिए जागरण अभियान चला रहे हैं जो सराहनीय कार्य है।

# धनतेरस व दीपावली पर्व पर विश्वनाथ ज्वैलर्स शोरूम का हुआ शुभारंभ

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**अलीगढ़/सिद्धार्थनगर।** धनतेरस व दीपावली के पर्व पर अलीगढ़वा बाजार मे विश्वनाथ ज्वैलर्स के शोरूम का शुभारंभ हुआ है। आभूषण प्रेमियों और शुद्ध सोने-चांदी के ग्राहकों के लिए एक अच्छी खबर है। स्वर्गीय विश्वनाथ कसौधन की दुकान, विश्वनाथ ज्वैलर्स का भव्य शुभारम्भ बृहस्पतिवार को पारंपरिक रीति रिवाजों के अनुसार हुआ है, इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। नेपाल ?बॉर्डर के मेन रोड, अलीगढ़वा बाजार में स्थित यह नया शोरूम 16 अक्टूबर 2025 को सुबह 10:00 बजे शुभ मुहूर्त पर जनता के लिए खुल गया है। ?दुकान के प्रोपराइटर संतोष कुमार कसौधन ने बताया कि ह्लविश्वनाथ ज्वैलर्सह्व ग्राहकों को शुद्ध सोने और चांदी के हॉलमार्क आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराएगा। उन्होंने बताया कि हम आभूषणों के विक्रेता के साथ-साथ निमार्ता भी हैं, जिससे ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता और भरोसेमंद खरीद का आश्वासन मिलता है। ?प्रो. संतोष कुमार कसौधन ने सभी क्षेत्रवासियों, इष्ट मित्रों और शुभचिंतकों से 16 अक्टूबर 2025 को होने वाले इस भव्य शुभारम्भ समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर उन्हें आशीर्वाद देने का सादर आग्रह किया है। इस दौरान ओम प्रकाश कसौधन ,कन्हैयालाल , संतोष कसौधन , अंबिका प्रसाद , चंद्रिका प्रसाद ,दूधनाथ , चंद्रभान ,हर्षित कसौधन , मो मुस्तकीम बी डी सी , अब्दुल्ला ,मुंशी, अजय कसौधन , भीम चन्द्र कसौधन , अशोक वर्मा , अमन मोदनवाल ,शिव कुमार, प्रदीप वर्मा , सिद्धि , अराध्या, हिमांशी, उन्नति आदि लोग मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### आठ के खिलाफ एससी/एसटी व बलवा समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज

**वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के मानापुर (छतेरी) गांव निवासिनी महिला ममता के तहरीर पर मिजार्मुराद पुलिस ने बुधवार की देर रात मानापुर (छतेरी) गांव निवासी दीपक केशरी, अमन, चिन्तामनी, प्रियांश, नीरज, गुल्लू, राजमनी व विकाश के खिलाफ धारा 191(2), 115(2), 352, 351(2), 3(1)(द), 3(1)(घ) व 3(2)(५) एससी/एसटी व बलवा का मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल चालू कर दी ।उक्त घटना बीते सोमवार की देर रात की बताई गई ।पीड़ित महिला ने बताया कि सोमवार की देर रात गांव के लोग पुरानी रंजिश को लेकर भद्दी-भद्दी गाली-गलौज दे रहे थे जब गाली देने से मना करने लगी तो सभी एकरार होकर लाठी-डंडा लेकर मारने-पीटने लगे बीच बचाव करने आया पुत्र सचिन को भी सभी ने मारपीट घायल कर दिया ।घटना की सूचना तत्काल 112 नंबर पुलिस को देने के साथ ही जाकर अपना दवा इलाज करवाई ।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि महिला के तहरीर पर मारपीट करने वालों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है महिला व उसको पुत्र को मेडिकल हेतु भेजा जा रहा है।

### बाइक सवार बदमाश मोबाइल छीनकर भागे

**मिजार्मुराद।** खजुरी चौकी के पास गुरुवार की रात आठ बजे राजातालाब से मिजार्मुराद के तरफ जा रहे बाइक सवार भोरकला (मिजार्मुराद) निवासी महेश पटेल का पीछे से आए अपाचे बाइक सवार तीन बदमाश मोबाइल छीनकर भाग निकले ।पीड़ित ने बाइक से कुछ दूर बदमाशो का पीछा किया लेकिन बाइक सवार बदमाश मिजार्मुराद के तरफ भाग निकले ।महेश ने मिजार्मुराद थाने लिखित तहरीर देकर बताया कि शर्ट के जेब में आगे मोबाइल रखा था बदमाश आए और झपट्टा मारकर एंड्राइड मोबाइल निकालकर भाग निकले ।हर बार की तरह मिजार्मुराद पुलिस तहरीर बदलवाकर मोबाइल छिनैती के जगह मोबाइल गिरने का तहरीर लेकर और जल्द मोबाइल मिल जाने का आश्वासन देकर भेज दी ।पीड़ित भदवर स्थित हेरिटेज हॉस्पिटल में सिक्योरिटी गार्ड हैं ।ड्यूटी कर वापस लौट रहा था जब घटना हुई।

### कोतवाल ने ग्राम प्रहरियों के साथ की गोष्टी

**बागेश्वर।** प्रभारी निरीक्षक कोतवाल अनिल उपाध्याय द्वारा ग्राम प्रहरियों के साथ गोष्ठी का आयोजनकिया गया। ग्राम प्रहरियों को कर्तव्यों से अवगत कराते हुए बढ़ते अपराधों से बचाव को किया जागरूक कर मित्र पुलिस को उचित सहयोग देने की अपील की ।कोतवाल उपाध्याय ने सभी ग्राम प्रहरियों को उनके कर्तव्यों से अवगत कराते हुए दीपावली पर्व के दृष्टिगत गोष्ठी की गई। गोष्ठी में ग्राम क्षेत्र में आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों एवं अवैध मादक पदार्थ के संबंध में कोतवाली पुलिस को सूचित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही उपस्थित ग्राम प्रहरियों को नशे के सेवन व व्यापार से होने वाले दुष्परिणामों, व गांवों मै नशे का व्यापार की सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा बाल भिक्षावृत्ति, बाल श्रम, मानव तस्करी की रोकथाम, बाल अपराध, महिला अपराध व सुरक्षा, यातायात नियमों, सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद कर नेक व्यक्ति बनने आदि के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी व्यक्तियों को अपने आस-पास बाल श्रम व बाल भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों की सूचना तुरन्त पुलिस को देने हेतु बताया गया। वर्तमान में विभिन्न माध्यमों से घटित हो रहे साईबर क्राईम के प्रति जागरूक करते हुए सोशल मीडिया में किसी अंजान व्यक्ति फोन कॉल पर किसी भी व्यक्ति को अपने बैंक खाता, एटीएम कार्ड, ओटीपी आदि की जानकारी नही देने और किसी लालच में ना आने, किसी अंजान लिंक व क्यूआर कोड को स्कैन न करने के बारे में बताया गया ।

# बीईओ की प्रताड़ना से परेशान शिक्षक ने खाया जहर, गम्भीर

**वेलकम इण्डिया संजीव कुमार गुप्ता**



**इटवा/सिद्धार्थनगर।** इटवा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय भदोखर में तैनात शिक्षक शोकेंद्र यादव ने बीईओ के द्वारा लगातार प्रताड़ना के कारण बुधवार की देर शाम जहर खा लिया उनकी हालत गम्भीर है। बागपत जिले के थाना सराय रसूलपुर संकुल पुठी पोआमी नगर, थाना सराय निवासी शोकेंद्र का आरोप है कि बीईओ इटवा के उत्पीड़न और बदसलूकी से तंग आकर उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया। उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बीईओ ने आरोपों को गलत बताया है।

वहीं, डीएम ने मामले की जांच के लिए एडीएम की अगुवाई में तीन सदस्यीय टीम गठित कर दी है। इटवा ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भदोखर भदोखरी में तैनात शोकेंद्र महादेव घूरहू निवासी जमील के मकान में किराये पर रह रहे हैं। शोकेंद्र का आरोप है कि बीईओ इटवा राजेश कुमार से उनका वेतन बाधित कर दिया था। आरोप है कि कई बार अनुरोध के बाद भी बीईओ वेतन बहाल नहीं कर रहे थे। दीपावली नजदीक आने पर भी वेतन न मिल पाने से वह बहुत परेशान थे। उन्होंने बीईओ को व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर दीपावली से पहले वेतन बहाल करने की सिफारिश की थी। बीईओ से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिलने पर वह निराश हो गए थे। बुधवार को बीईओ को व्हॉट्सएप पर भेजे मैसेज में उन्होंने वेतन न मिलने पर खुदकुशी की बात भी लिखी थी। इसके बाद आत्मघाती कदम उठा लिया। जानकारी होने पर लोग एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए जहां रात में इलाज चला। बृहस्पतिवार की सुबह साथी शिक्षक सीएचसी इटवा ले आए जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी इटवा सीएचसी पहुंचे और पीड़ित शिक्षक का हालचाल लिया। उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए आरोपित बीईओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

## चैन की नींद सो रहा विद्युत विभाग 36 घंटे बाद भी नहीं बदला ट्रांसफार्मर

**मथुरा/कोसीकलां।** कृष्णा विहार कॉलोनी में ट्रांसफार्मर फुंकने के 36 घंटे के बाद भी विद्युत निगम ट्रांसफार्मर नहीं बदल पाया। इससे लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नंदगांव रोड स्थित हरीपुरा 33 केवीए बिजलीघर से इंडस्ट्रियल फीडर के माध्यम से पोषित होने वाले कृष्णा विहार कॉलोनी में लगे ट्रांसफार्मर में बुधवार को सुबह खराबी आ गई, जिसके बाद वहां पहुंचे कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर को चेक किया। वहां उसे फुंका बता दिया। जिसकी शिकायत कॉलोनी वासियों ने बिजली उपकेंद्र में जेई को दर्ज कराई था। जेई ने ट्रांसफार्मर बदलने के लिए आश्वासन दिया था। इसके बावजूद बृहस्पतिवार की देर शाम तक अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया।

# आढतियों ने मंडी कार्यालय पर किया जमकर हंगामा

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/कोसीकलां।** अनाज मंडी में लगातार बढ़ रही धान की आवक से लग रहे जाम के कारण गुरुवार को फल-सब्जी मंडी में फल-सब्जी की खरीद फरोख्त नही हो सकी। इससे त्रस्त होकर सब्जी आढतियों एवं फुटकर विक्रताओं ने मंडी कार्यालय में जमकर हंगामा किया। मंडी परिसर में धान की लगातारआवक बढ़ने से जाम लग गया। मंडी कर्मचारियों ने मुख्य गेट को बंद कर दिया। ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर फसल लेकर पहुंचे किसानों की लंबी लाइन लगने से मंडी में आने जाने वाले रास्ते और नगर के चहुंओर मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गए। आढ़तियों के फड़ों पर पहले से ज्यादा माल होने के कारण किसानों को अपनी फसल उतारने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा।

जाम के कारण बृहस्पतिवार को फल-सब्जी मंडी में आने वाले वाहन नही घुस सके ।जिससे फल-सब्जी की खरीद फरोख्त नही हो सकी। इससे त्रस्त होकर सब्जी आढतियों एवं फुटकर विक्रताओं ने मंडी कार्यालय में जमकर हंगामा किया। भगवत सैनी छोटू यैनी, निजामुद्दीन, भगवत, काले, जेपी सैनी, ओमकाश सैनी, इमरान, आजाद का कहना था कि मंडी में धान की आवक रहने तक थाना रोड वाला गेट को फल-सब्जी व्यवसाईयों के लिए खोलने को कहा।

मंडी में ट्रैक्टर-ट्रोली लेकर आने वाले किसान धान उतारने के बाद इस गेट से निकाला जाएं। तेज सिंह, अशोक शर्मा, रफीक, तुलाराम शर्मा का कहना था कि फल-सब्जी मंडी फड़ पर धान की फसल नही उतारी जाएं। मंडी सचिव ने उमेश चौधरी ने कहा कि सब्जी लेकर आने वाले वाहनों के आवागमन की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी।

# 20 अक्टूबर को मनेगी दीपावली जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र प्रकाश सिंह

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** जिला मजिस्ट्रेट चंद्र प्रकाश सिंह ने अवगत कराया है कि इस वर्ष दीपावली का त्यौहार दिनांक 20-10-2025 को मनाया जावेगा। दीपावली के अवसर पर अधिक मात्रा में आतिशवाजी / पटाखों का प्रयोग किया जाता है। जनपद में आतिशवाजी बनाने व थोक एवं फुटकर विक्रेताओं के लाइसेन्स है। आतिशवाजी बनाने वाले एवं थोक / फुटकर आतिशवाजी लाइसेन्सी द्वारा घनी आबादी के अन्दर आतिशवाजी / पटाखों आदि विस्फोटक सामग्री का भण्डारण किया जाता है, जो कि जनसुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं है, जिसके कारण अप्रिय घटना घटित होने की सम्भावना बनी रहती है।

दीपावली पर्व के अवसर पर आतिशवाजी / पटाखों की बिक्री हेतु जनपद-मथुरा में 1-रामलीला मैदान महाविद्या कालौनी खुला मैदान, थाना-गोविन्दनगर, तहसील, मथुरा, 2-ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे मंशा टीला मंदिर के पास भगवती प्रसाद उर्फ पप्पू पंडित जी का खुला खेत, थाना-हाइवे, तहसील, मथुरा, 3-खुला मैदान निकट हजारीमल सोमानी इण्टर कालेज वृन्दावन थाना वृन्दावन, तहसील, मथुरा, 4- आभा कैण्टीन के पास खुला मैदान थाना सदर बाजार, तहसील, मथुरा, 5-मथुरा ब्लाक रोड पर कृषि विज्ञान केन्द्र के पास प्रस्तावित नवीन सर्किट हाउस का खुला मैदान, थाना-सदर बाजार, तहसील मथुरा, 6-ईंट मण्डी ग्राउण्ड खुला मैदान लक्ष्मीनगर थाना-जमुनापार, तहसील, महावन, 7-बृज आदर्श इण्टर कालेज खुला मैदान मांट थाना मॉट, तहसील, मांट, 8-मेला ग्राउण्ड खुला मैदान नौहझील थाना नौहझील, तहसील, मांट, ९-रामलीला खुला मैदान गोवर्धन थाना-गोवर्धन, तहसील, गोवर्धन, 10-राधा विहारी इण्टर कालेज खुला मैदान थाना-बरसाना, तहसील, गोवर्धन, 11-मिनी स्टेडियम खाली भूमि थाना-शेरगढ़, तहसील, छाता का चयन किया गया है, उक्त चयनित स्थानों पर अस्थाई आतिशवाजी की दुकानें लगाई जायेंगी।

# स्वास्थ्यकर्मियों और आशा बहुओं की भूमिका मां यशोदा जैसीं: विनय वर्मा

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** दीपावली की पूर्व संध्या पर शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने बढ़नी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के कर्मचारियों, आशा बहुओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिकाओं को साड़ी और मिठाई वितरित की। विधायक ने स्वास्थ्यकर्मियों की निस्वार्थ सेवा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनका सम्मान बढ़ाया ।विधानसभा शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा और उनकी पत्नी बबिता वर्मा ने वृहस्पतिवार को बढ़नी ब्लॉक में आयोजित दो अलग-अलग कार्यक्रमों में आशा बहुओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिकाओं को सम्मानित किया।

विधायक वर्मा स्वयं पीएचसी बढ़नी पहुँचे और एक संक्षिप्त कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सभी महिला और पुरुष कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं ।इस दौरान विधायक ने इन स्वास्थ्यकर्मियों और आशा बहु कार्यकत्रियों की भूमिका को ह्यमां यशोदाह्ण जैसा बताया। ?पहला कार्यक्रम बढ़नी पीएचसी में आयोजित हुआ, जहाँ 206 आशा बहुओं व स्वास्थ्यकर्मियों का सम्मान किया गया। ?दूसरा कार्यक्रम परसा स्टेशन गाँव में हुआ, जहाँ बढ़नी ब्लॉक की 388 आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं को सम्मानित किया गया। ?इस अवसर पर गोदभराई की रस्म भी निभाई गई।

विधायक विनय वर्मा ने प्रतीक स्वरूप कुछ गर्भवती महिलाओं को दवाएं और पौष्टिक खाद्य सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की। इसके साथ ही, कुछ बच्चों को खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया ।विधायक विनय वर्मा ने अपने संबोधन मे कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री व आशा बहुओं की भूमिका मां यशोदा की तरह है, क्योंकि उन्हें मां यशोदा की तरह बच्चों का पालन-पोषण करना होता है। उन्होंने कहा कि शासन की सभी योजनाओं को सफल बनाने में इन कार्यकताओं और बहुओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है, और वह हमेशा उनके हितों के लिए प्रयासरत रहेंगे ।विधायक के इस कदम से स्वास्थ्य केंद्र में पर्व का उल्लास दोगुना हो गया। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी के चिकित्साधिकारी डॉ. अविनाश चौधरी ने विधायक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व लैब टेक्नीशियन हर गोविंद मिश्रा, भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रदीप कमलापुरी सहित पीएचसी के अन्य डॉक्टर, नर्सें, फार्मासिस्ट और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आशा बहुएँ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व बड़ी संख्या में आदि लोग मौजूद रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौमुहां ने कायाकल्प पुरस्कार 2024-25 में पाँचवीं बार लहराया परचम

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/चौमुहां।** उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मानचित्र पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चौमुहां ने एक बार फिर अविस्मरणीय उपलब्धि दर्ज की है। केंद्र सरकार की प्रतिष्ठित कायाकल्प पुरस्कार योजना 2024-25 में लगातार पाँचवीं बार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इस स्वास्थ्य केंद्र ने न सिर्फ आगरा मंडल में प्रथम स्थान हासिल किया है, बल्कि प्रदेश भर के लगभग 720 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 17वीं रैंक प्राप्त कर अपनी सेवाओं की उत्कृष्ट गुणवत्ता का लोहा मनवाया है।

सीएचसी चौमुहां की यह सफलता स्वास्थ्य सेवाओं के विभिन्न कड़े मानकों पर खरा उतरने का परिणाम है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर संदीप चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत दिए जाने वाले कायाकल्प अवार्ड के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की स्वच्छता, प्रभावी संक्रमण नियंत्रण, वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन, और रोगी सेवा की समग्र गुणवत्ता का गहन मूल्यांकन किया जाता है।

डॉ. चौधरी ने स्पष्ट किया कि यह मूल्यांकन प्रक्रिया दो अत्यंत कठोर चरणों से होकर गुजरती है। पीयर असेसमेंट जिसमें अन्य स्वास्थ्य संस्थानों के विशेषज्ञ टीम द्वारा आंतरिक मूल्यांकन किया जाता है। एक्सटर्नल असेसमेंट जिसमें बाहरी और स्वतंत्र विशेषज्ञों की टीम द्वारा कड़े मापदंडों पर अंतिम मूल्यांकन किया जाता है। चौमुहां सीएचसी ने इन कड़े मानकों पर लगातार पाँच वर्षों तक अपनी विशिष्टता को सिद्ध किया है, जो सेवा के प्रति उनकी अथक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

अस्पताल की इस निरंतर सफलता का श्रेय कर्मचारियों और प्रबंधन के अथक प्रयासों और टीम वर्क को जाता है। चौमुहां सीएचसी ने यह सिद्ध किया है कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्र भी उच्चतम मानकों की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर सकते हैं।

इस शानदार उपलब्धि पर क्षेत्रीय जनता ने गहरा हर्ष व्यक्त किया है।

# नन्दगांव खण्ड के हथिया मण्डल के कमई में आरएसएस ने किया पथ संचलन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/नन्दगांव।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नंदगांव खंड के हथिया मंडल के गांव कमई में विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन कार्यक्रम अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में माननीय गोपाल प्रसाद रहे। उन्होंने अपने आशीर्वचन में कहा कि ह्लसंघ का कार्य ऐश्वर्यपूर्ण और भगवान का कार्य है। शताब्दी वर्ष में पूरे देश में हिंदुत्व का एक सशक्त वातावरण बन रहा है। संघ की यह यात्रा 100 वर्षों की साधना और राष्ट्रसेवा का प्रतीक है।ह्व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता लक्ष्मण प्रसाद मथुरा विभाग सामाजिक सदभाव प्रमुख रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि ह्लराष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा 1925 से 2025 तक केवल संगठन की नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण की एक सतत साधना रही है। इस 100 वर्ष की यात्रा में अनेक कार्यकताओं का त्याग और बलिदान जुड़ा है। भारत की स्वतंत्रता और अखंडता में संघ कार्यकताओं का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने संघ के इतिहास, उद्देश्य और कार्य प्रणाली पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संघ व्यक्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र के उत्थान की परंपरा है कार्यक्रम में मंच का संचालन खंड-बौद्धिक प्रमुख रमाकांत ने किया ग्राम विस्तारक कृष्णकांत डॉ मुकेश, नेत्रपाल पहलवान ,सोनू पहलवान, चंद्रपाल , नानक चंद शर्मा,कल्याण सिंह, मानपाल, जिला बौद्धिक प्रमुख बहादुर, जय(मुख्य शिक्षक), कान्हा (प्रार्थना एवं एकल गीत) सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह आयोजन नंदलाल उच्च माध्यमिक विद्यालय कमई में सम्पन्न हुआ।

# रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में जुनैद कबीर की पुस्तक 'मिरर' का हुआ विमोचन

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह




**वाराणसी।** रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर सिगरा में पद्मश्री डॉ कमलाकर त्रिपाठी के कर कमलों द्वारा साहित्यकार एवं लेखक जुनैद कबीर की पुस्तक 'मिरर' का भव्य विमोचन किया गयो निर्मल भागवत फाउंडेशन एवं कबीर फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह कार्यक्रम तीन सत्रों में विभाजित रहो प्रथम सत्र में विमोचन का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य रूप से मुख्य अतिथि पद्मश्री डा.कमलाकर त्रिपाठी,वरिष्ठ कवि आलोचक संपादक साहित्यकार,काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व कुलपति सदानंद शाही ` पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग उदय प्रताप कॉलेज एवं काशी के सम्मानित एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ रामसुधार सिंह,काशी हिंदू विश्वविद्यालय के विभाग के पूर्व प्राध्यापक एवं साहित्यकार डॉ बलिराज पांडे, डाक्टर राजेश गौतम निदेशक ( आकाशवाणी ), काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग के प्राध्यापक एवं डीन प्रो.एच पी माथुर एवं पिलग्रिम्स पब्लिशिंग के डायरेक्टर सनातनी रामानंद तिवारी के साथ-साथ उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों के हाथों संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में पुस्तक पर परिचर्चा की गई जिसमें अधिवक्ता अब्दुल्ला खालिद,अंग्रेजी की शिक्षिका बीना राय,मनोविज्ञान की शोध छात्रा जेबा खान एवं युवा समाजसेवी एवं लेखक रवि शेखर,इस सत्र का संयोजन डॉ रामसुधार सिंह ने कियो कार्यक्रम के अगले सत्र में जुनैद कबीर द्वारा लिखित दोहा को वरिष्ठ रंगकर्मी एवं गायक अजय रोशन ने गाया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के साहित्यकार, बुद्धिजीवी, रचनाकार, कवि, लेखक,पत्रकार,समाजसेवी के साथ ही बहुत से गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही` पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में मुख्य रूप से आकाशवाणी वाराणसी के पूर्व निदेशक एवं कार्यक्रम प्रमुख राजेश गौतम,वरिष्ठ शिक्षक एवं कवि डा० कमालुद्दीन शेख,पूर्व विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग वसंत कन्या महाविद्यालय एवं साहित्यकार डा.अनुराधा बनर्जी,वरिष्ठ रंगक ?र्मी राजेश्वर त्रिपाठी,मुफ्ती जुनैद नोमिनी,राजकीय क्वीन्स इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुमित श्रीवास्तव,रामकृष्ण मिश्रा,डॉक्टर भारत भूषण यादव आदि रहे।

## पुलिस ने अवैध पटाखे बनाने/बेचने वाले एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**हापुड़।** पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं पटाखे/विस्फोटक पदार्थ बेचने/भण्डारण करने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा अवैध पटाखे बनाने/बेचने वाले एक अभियुक्त को बाजार वाला मौहल्ला ग्राम बक्सर से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से 05 कट्टे अवैध पटाखे बरामद हुए हैं ।उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिम्भावली पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम लज्जा राम सैनी पुत्र गोपाल सैनी निवासी बाजार वाला मौहल्ला ग्राम बक्सर थाना सिम्भावली जनपद हापुड।

# दबंगों ने जर्नल स्टोर पर हमला कर लूटा , पिता-पुत्र घायल

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** थाना बारादरी के आवास विकास के रहने वाले पिता गंगा राम ने आरोप लगाया है कि बुधवार रात्रि 11 बजे उनके संजय नगर स्थित जर्नल स्टोर पर एक दबंग गिरोह ने धावा बोल कर मारपीट की और नकदी व सोने की चेन लूट ली। पीड़ित और उसके दोनों पुत्र हर्ष व देव को भी इस हमले में गंभीर चोटें आई है। गंगा राम ने थाना बारादरी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित ने अपनी तहरीर में कहा है कि वे और उनके दोनों पुत्र दुकान का सामान उतार रहे थे तभी गली में रहने वाले दबंग शैलेन्द्र प्रताप सिंह (पुत्र नामालूम) और उसका पुत्र लकी पहले से ही सड़क को बंद कर बैठे थे। पहले भी 24/08/2025 को इसी तरह की घटना हुई थी, तब प्रार्थी ने 112 पर सूचना दी थी और पुलिस ने संबंधित की गाड़ियों का चालान किया था। शिकायत के अनुसार गंगा राम ने पुलिस बुलाने की बात कही तो आरोपी वहां से हट गए और बाद में कई लोगों को साथ लेकर लौटे जिनमें भारत राठौर, मुकेश राठौर, विनय पटेल तथा सात-आठ अज्ञात व्यक्ति शामिल थे। आरोप है कि इन लोगों ने अचानक हमला कर दिया, प्रार्थी व उसके पुत्रों पर लोहे की रॉड व तमंचे की बट से प्रहार किए और मारपीट करते हुए दुकान से करीब 1,00,000 रुपये नकद और शादी में मिली दो तोले की सोने की चैन, साथ ही प्रार्थी की गले की एक तोले की चेन व जेब की नकदी लूट ली। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने धमकी भी दी अगर पुलिस में गए तो तेरे दोनों पुत्रों को जान से मार दूंगा व तेरी दूकान को जला कर राख कर दूंगा। पीड़ित बहुत डरा हुआ था और कुछ जिम्मेदार लोगों के समझाने पर ही थाने आने का साहस कर पाया। तहरीर में उल्लेख है कि 24/08/2025 की पिछली घटना के समय भी दबंगों ने पुलिस के साथ दुर्व्यवहार किया था; तब पुलिस ने दबंग व्यक्ति की दोनों गाड़ियों का चालान कर समझाया था। पर पीड़ित का कहना है कि उसके बावजूद आरोपी आए दिन शराब पीकर लोगों को साथ लाते और उत्पीड़ित करते रहे।

## सार संक्षेप

### मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं को किया जागरूक




वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** सीबीगंज इंटर कॉलेज बरेली में गुरुवार को मिशन शक्ति 5.0 जागरूकता अभियान के तहत पुलिस विभाग द्वारा छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में बताया गया तथा महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक करते हुए छात्राओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076, वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर -1090, वूमेन हेल्पलाइन नंबर- 181 पुलिस आपातकालीन सेवा 112, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन सेवा -102, एंबुलेंस सेवा - 108, चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा - 1098, अग्निशमन सेवा- 101, साइबर हेल्पलाइन सेवा- 1930,आदि के बारे में जानकारी दी गई। इससे पहले प्रातः 10 बजे थाना सीबीगंज की मिशन शक्ति टीम एवं नगर निगम की टीम के सहयोग से सीबीगंज इंटर कॉलेज बरेली की छात्राओं द्वारा समाज में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह द्वारा छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विद्यालय के अध्यापकगण देवेश कुमार, श्याम वीर, गंगा प्रसाद, महेंद्र पाल सिंह, मनोज कुमार रस्तोगी, सुधीर कुमार, रवि शर्मा एवं अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। पुलिस विभाग से थाना सीबीगंज के प्रभारी निरीक्षक एवं उनकी टीम उपस्थित रही।

### डाइट फरीदपुर में डीएलएड प्रशिक्षुओं के करियर मार्गदर्शन हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) फरीदपुर में शासन के निदेशों के क्रम में करियर मार्गदर्शन हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र से प्रवक्ता डॉ. याशिका वर्मा द्वारा डीएलएड प्रशिक्षुओं को विविध शैक्षिक अवसरों की जानकारी दी गई तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। डॉ वर्मा द्वारा डाइट में प्रशिक्षुओं को समय प्रबंधन के महत्व से परिचित कराते हुए अच्छी आदतों के विकास पर जोर दिया। उन्होंने ग्रेजुएशन के बाद की विभिन्न रोजगार की संभावनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जीवन से जुड़े किसी भी निर्णय को आत्म अवलोकन के बाद ही लेना चाहिए। किसी को देखकर अपने निर्णय प्रभावित नहीं करने चाहिए। डॉ वर्मा ने संस्थान के प्रशिक्षुओं को मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र की तरफ से जारी हेल्पलाइन नंबर भी दिया। इस अवसर पर संस्थान की प्राचार्य दीप्ति वार्ष्णेय, कार्यक्रम के नोडल प्रवक्ता श्रीकांत मिश्रा, अन्य प्रवक्ता गण, कार्यालय स्टाफ तथा डीएलएड के प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# कर्ज और धमकियों से टूटा युवक मौत से पहले रिकॉर्ड किया वीडियो

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र के जोगी नवादा में कर्ज और धमकियों से त्रस्त एक युवक ने बुधवार को फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मौत से पहले उसने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया, जिसमें पड़ोसी महिला और दोस्त पर प्रताड़ना और धमकाने के संगीन आरोप लगाए हैं। मृतक की पहचान अर्जुन (30) पुत्र सुंदरलाल निवासी जोगी नवादा के रूप में हुई है। अर्जुन कपड़ों की दुकान पर काम करता था।

परिजनों के मुताबिक, अर्जुन ने अपने दोस्त सौरभ को करीब छह लाख रुपये उधार दिए थे। इनमें से दो लाख चालीस हजार रुपये अर्जुन ने अपनी पड़ोसी शकुंतला नामक महिला से ब्याज पर लेकर सौरभ को दिए थे। कई साल बीतने के बाद जब अर्जुन ने सौरभ से पैसे वापस मांगे, तो उसने उल्टे अपने परिवार के साथ मिलकर धमकाना शुरू कर दिया। वहीं, शकुंतला भी ब्याज के पैसे वसूलने के लिए लगातार दबाव बना रही थी। दो तरफा दबाव और अपमान से टूट चुके अर्जुन ने आखिरकार मौत को गले लगा लिया। फांसी लगाने से पहले बनाए गए वीडियो में अर्जुन ने साफ कहा ₹मैंने दोस्त पर भरोसा किया, लेकिन उसी ने मेरी जिंदगी बर्बाद कर दी। पैसे लौटाने की जगह धमकियां दी जा रही हैं। शकुंतला और सौरभ ने मुझे जीने नहीं दिया।₹ अर्जुन के पिता सुंदरलाल ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा, मेरे बेटे ने दोस्ती निभाने के लिए पैसा दिया, लेकिन वही पैसा उसकी मौत का कारण बन गया। मां उमा देवी और पत्नी रिंकी का रो-रोकर बुरा हाल है। रिंकी ने बताया कि अर्जुन पिछले कई दिनों से तनाव में था, मगर उसने कभी खुलकर कुछ नहीं बताया। पीछे दो मासूम बच्चों को छोड़ गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि, ₹मृतक के मोबाइल से एक वीडियो और कुछ ऑडियो क्लिप बरामद हुई हैं। इन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।₹ फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में खेल संगम का तीसरा दिन कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिताओं में दिखा जोश

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में जेएमएस खेल संगम 2025 स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. संदीप त्यागी (क्षेत्रीय सह-संयोजक, क्रीड़ा भारती) ने किया। इस अवसर पर जिला कबड्डी सचिव पुनीत कुमार तेवतिया, क्रीड़ा भारती मेरठ प्रांत अध्यक्ष विशाल मित्तल, स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉ. सुदर्शन त्यागी, मनोज अग्रवाल, मोहित राघव, गौरव शर्मा, डॉ. आयुष सिंघल (स्कूल निदेशक) तथा डॉ. निधि मलिक (प्रधानाचार्य) सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में हापुड़, मेरठ और गाजियाबाद जिले के विभिन्न विद्यालयों – जैसे सेंट एंथोनी स्कूल, आरएसएम स्कूल सिंभावली, बीआर इंटरनेशनल स्कूल, केवीएन मुरादनगर, विकास डिफेंस एकेडमी बाबूगढ़ आदि के लगभग 600 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया ।मुख्य अतिथि डॉ. संदीप त्यागी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और नैतिक विकास भी होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं, बस सही मार्गदर्शन और अवसर की आवश्यकता है ।खेल निर्देशक दीपांशु गर्ग ने बताया कि खो-खो अंडर-19 बालिका वर्ग में केवीएन मुरादनगर विजेता रही, जबकि ब्रह्मादेवी हापुड़ उपविजेता रही। अंडर-19 बालक वर्ग में एसडी इंटर कॉलेज मेरठ विजेता और इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल गाजियाबाद उपविजेता रही।

# पुलिस ने चैकिंग के दौरान कैंटर में अवैध पटाखों के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार




वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं पटाखे/विस्फोटक पदार्थ बेचने/भण्डारण करने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने चैकिंग के दौरान कैंटर गाड़ी मे भारी मात्रा में अवैध पटाखे ले जाते समय एक अभियुक्त को आनन्द फार्म हाउस से ब्रजघाट वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से 68 कार्टून अवैध पटाखे बरामद हुए हैं ।उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बहादुरगढ़ पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम

मौहम्मद नौशाद अल्वी पुत्र शौकत अली निवासी ग्राम सौदा थाना निवाड़ी जनपद गाजियाबाद व हाल पता गली नं0 07 मजीदपुरा थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़।

# जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया की मासिक वर्चुअल बैठक संपन्न, पत्रकारों की समस्याओं पर हुई गंभीर चर्चा

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया की सामान्य मासिक वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन संगठन के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. आर.सी. श्रीवास्तव द्वारा किया गया। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुराग सक्सेना ने कहा कि देश में किसी विशेष स्थिति या घटना के दौरान संबंधित क्षेत्र का इंटरनेट बंद कर दिया जाता है, जिससे पत्रकारों को समाचार संकलन और प्रकाशन में कठिनाई होती है। उन्होंने सरकार से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की, ताकि पत्रकार अपने दायित्वों का निर्वहन सुचारु रूप से कर सकें।

संस्था के राष्ट्रीय पदाधिकारी राजू चरण ने कहा कि पत्रकारों की अपनी एक सशक्त और अलग पहचान होनी चाहिए, जिससे वे समाज में एक आदर्श और विश्वसनीय पत्रकार के रूप में स्थापित हो सकें।

वरिष्ठ पत्रकार बी. त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है। उसे जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से प्रकाशित कर समाधान का प्रयास करना चाहिए, जिससे उसकी स्वच्छ छवि बनी रहे ।बिहार से वरिष्ठ पत्रकार एवं पदाधिकारी कुणाल भगत ने बताया कि संगठन पत्रकारों की समस्याओं को लेकर निरंतर सक्रिय है और समय-समय पर सरकार को पत्र लिखकर अवगत कराता रहता है। इसी प्रकार जनपद प्रयागराज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गणेश द्विवेदी,

गोरखपुर से जुड़े तेज-तर्रार पत्रकार संजय सिंह ने भी अपने विचार साझा किए। इस पर अध्यक्ष डॉ. अनुराग सक्सेना ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन केवल शीर्ष पदाधिकारियों का नहीं, बल्कि सभी पत्रकारों का है और प्रत्येक सदस्य को पत्रकारों के हित में जिम्मेदारी निभानी चाहिए। संगठन के उत्तर प्रदेश के सलाहकार समिति के सदस्य व वरिष्ठ पत्रकार सलमान खान ने कहा कि संगठन के पदाधिकारियों को जमीनी स्तर पर उतर प्रदेश के पत्रकार साथियों की समस्याओ को अधिकारियों के समक्ष रखकर निस्तारण का प्रयास करना चाहिए, जिससे क्षेत्र के पत्रकारों को पत्रकारिता करने में कोई असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक का समापन करते हुए राष्ट्रीय संयोजक डॉ. आर.सी. श्रीवास्तव ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दीपोत्सव कार्यक्रम छात्राओं ने मनाया सशक्तिकरण और संस्कृति का संगम

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह




**हापुड़।** आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दीपावली पर्व के उपलक्ष में ₹दीपोत्सव₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम साहित्यिक सांस्कृतिक समिति, सुश्री सुभद्रा कुमारी चौहान कल्चरल क्लब, आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ तथा मिशन शक्ति फेस-5 के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ ।कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या प्रो. साधना तोमर ने की। उन्होंने मिशन शक्ति फेस-5 के अंतर्गत एम.ए. द्वितीय वर्ष अंग्रेजी विभाग की छात्रा कुमारी अरुणिमा को एक दिन के लिए प्राचार्याह्व नियुक्त किया। पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते हुए उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य छात्राओं में नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करना है।

पदभार ग्रहण करने के बाद ह्वएक दिन की प्राचार्याह्व कुमारी अरुणिमा ने कक्षाओं और कार्यालय का निरीक्षण किया तथा छात्राओं की समस्याएं सुनीं। अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा,ह्वयह मेरे लिए अविस्मरणीय अनुभव है। आज मैंने जिम्मेदारी और नेतृत्व का महत्व सीखा है।

कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के बाद संगीत विभाग की अध्यक्ष प्रो. जया शर्मा के निर्देशन में छात्राओं ने मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम और माता सीता का मंचन किया तथा ह्वराम आएंगेह्व गीत और भजन प्रस्तुत कर माहौल भक्तिमय बना दिया।

इसके साथ ही ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग, दीप सज्जा और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिनमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्णायक प्रो. अमिता शर्मा, प्रो. मनीला रोहतगी, प्रो. करुणा गुप्ता एवं प्रो. अपर्णा त्रिपाठी ने विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

## पचदेवरी में सड़क किनारे झुका बिजली खम्भा शिकायत के बाद भी जिम्मेदार चुप

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के गांव पचदेवरी में सड़क किनारे झुका विद्युत पोल राहगीरों की परेशानी का कारण बना हुआ है। जानकारी व मांग के बाद भी सम्बंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। सेमरियावा ब्लाक के पचदेवरी समेत कई गाँव में पचपोखरी विद्युत उपकेन्द्र से बिजली आपूर्ति होती है। सड़क के किनारे झुका बिजली का पोल राहगीरों की परेशानी का सबब बना हुआ है। संदीप कुमार प्रधान, संतोष यादव, मोहम्मद असद, राकेश कुमार आदि दर्जनों लोगों ने बताया कि कई बार जिम्मेदारों से लिखित व मौखिक शिकायत की गई लेकिन इस तरफ अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। उक्त ग्रामीणों ने प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग किये हैं।

# सुरक्षा को लेकर छात्राओं को एसीपी ने किया जागरूक

संदीप तिवारी। वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत एसीपी राजातालाब अजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा जागरूक किया गया। उन्होंने सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षा, स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं वृद्धावस्था पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि के बारे में बताया और यह भी समझाया कि इसका लाभ कैसे और कौन प्राप्त कर सकता है।

मिशन शक्ति प्रभारी एसआई कौशल किशोर द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला हेल्पलाइन 1090, हेल्पलाइन 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस 108, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में बताया। साथ ही घरेलू हिंसा के विरुद्ध चुप्पी तोड़ने व उनके अधिकार के संबंध में जानकारी दी गई ।पुलिसकर्मियों द्वारा छात्राओं में मिशन शक्ति का पंपलेट भी वितरण किया गया ।इस दौरान मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय, प्रबंधक व भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम, प्राचार्य डॉ. आशुतोष उपाध्याय, सचिव योगेश सिंह, प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', अमृता सिंह, एसआई मधुसूदन त्रिपाठी, डॉ. अंजना सिंह, डॉ. संगीता सिंह, गौरव उपाध्याय, मुकेश यादव, संजू गुप्ता, राजेश सिंह, वीरेन्द्र विश्वकर्मा, रामजी यादव समेत अन्य लोग रहे।

# कोर्ट में गवाही देने पर भाजपा कार्यकर्ता को मिली जान से मारने की धमकी

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक व्यक्ति ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग करने के मामले में पुलिस को ऑडियो उपलब्ध कराते हुए अभियोग दर्ज कराया था पीड़ित का आरोप है कि आरोपी के द्वारा पीड़ित के साथ गाली गलौज करते कोर्ट मे गवाही देने की धमकी देते हुए जान से मारने की धमकी दी है पीड़ित ने जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी बदरूजमा ने बताया कि वह भाजपा का एक कार्यकर्ता है। उसके गांव के ही अजहर पुत्र इरशाद ने विगत 15 अप्रैल वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली गलौज की थी। जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग करके पीड़ित ने पुलिस को दी थी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। आरोप है कि गुरुवार को आरोपी अजहर की कैराना कोर्ट में पेशी होनी थी और तारीख थी। तारीख पर जाने से पूर्व ही आरोपी पीड़ित के पास पहुंचा और उसके साथ गाली गलौज करते हुए मुकदमे में गवाही देने की धमकी दी।

आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि अगर कोर्ट में उसके विरुद्ध गवाही दी तो जान से मार दूंगा। पीड़ित ने पुलिस को मामले में एक वीडियो उपलब्ध कराते हुए आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## गोवध के मामले में वांछित 25000 रु0 के इनामिया अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राज शेखर पाण्डेय के पर्यवेक्षण में थाना धनघटा उ0नि0 आशुतोष मणि त्रिपाठी, हे0का0 रमेश मिश्रा, का0 सत्यम सिंह, का0 जितेन्द्र यादव ने 25000रु0 के ईनामियां वांछित अभियुक्त अशरफ पुत्र इलियास निवासी ग्राम पीठापुर थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ को बसघटा बिड़हर घाट मार्ग से बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। दिनाँक 08.05.2024 को वादी उ0नि0 रवीन्द्र यादव थाना धनघटा द्वारा थाना धनघटा पर तहरीर दी गयी कि रामजानकी मार्ग पर बड़गो गांव के मोड़ से लगभग 600 मीटर पहले एक ट्रक भ्रष्ट हो जाने के कारण खड़ी है, जिसमें गोवंशीय पशु लदे हैं ।

# रिजर्व पुलिस लाईन सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन / मासिक अपराध गोष्ठी का किया गया आयोजन

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाईन सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन / मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया ।जिसमें सर्वप्रथम महोदय द्वारा सैनिक सम्मेलन कर जनपद के सभी थानों व शाखाओं से आये पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी व उनके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया ।

तत्पश्चात मासिक अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्यौहारों धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज पर जनपद में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत पुलिस बल को एलर्ट मोड पर रहने हेतु निर्देशित किया गया जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से तत्काल निपटा जा सके ।जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं व पंजीकृत अभियोगों तथा लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए समयबद्ध रुप से गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने, बरामदगी हेतु शेष अपहृताओं की सकुशल बरामदगी, पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने एवं शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट के अन्तर्गत जिलाबदर की कार्यवाही आदि के लिए निर्देशित किया। आपरेशन कनविक्शन के तहत गम्भीर अपराधों, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, लूट आदि के अभियोगों में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु भी निर्देश दिये। चोरी, नकबजनी व वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु कार्य योजना तैयार करके प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने माह अगस्त में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों- सीओ आफिस खलीलाबाद में कार्यरत म0का0 शाम्भवी गुप्ता, थाना कोतवाली खलीलाबाद में कार्यरत का0 अनिल यादव, थाना दुधारा पर कार्यरत हे0का0 दुर्गेश कुमार, महिला थाना पर कार्यरत म0का0 प्रियंका सिंह,सीओ कार्यालय धनघटा पर कार्यरत का0 संजीव कुमार, थाना धनघटा पर कार्यरत का0 जितेन्द्र यादव, थाना महुली पर कार्यरत का0 छोटेलाल, साइबर थाना पर कार्यरत का0 धीरेन्द्र कुमार प्रसाद, सीओ मेंहदावल आफिस में कार्यरत म0का0 रानी, थाना मेंहदावल पर कार्यरत म0का0 नेहा सिंह, थाना बखिरा पर कार्यरत म0का0 सुमन कुमारी, थाना बेलहरकला पर कार्यरत म0का0 वैष्णवी शुक्ला, थाना धर्मसिंहवा पर कार्यरत म0का0 ममता यादव व एलआईयू में कार्यरत बृजेश कुशवाहा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

# इंटरनेशनल ट्रेड शो स्वदेशी मेला हापुड़ में कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी दी



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** जनपद के जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश के क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह के कुशल निर्देशन में इंटरनेशनल ट्रेड शो स्वदेशी मेला हापुड़ में स्टॉल लगाकर वहां पर आने वाली समस्त महिलाओं बच्चों को महिला कल्याण विभाग के द्वारा चलाए जा रही समस्त योजनाओं के बारे में जानकारी दी जिसमें केंद्र प्रबंधक वन स्टॉप सेंटर सोनिया के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया महिला कल्याण विभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी और महिलाओं और बच्चों के साथ कैसा व्यवहार करें कैसे उनके साथ तालमेल बिठाये साथ ही हिंसा,घरेलू हिंसा से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया। छात्र एवं छात्राओं को गुड टच वैड टच की जानकारी दी विषम परिस्थितियों में कैसे अपनी सुरक्षा करें व साथ समस्त योजनाओं परियोजनाओं एवं समस्त टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की प्रोग्राम में सोनिया केंद्र प्रबंधक वन स्टॉप सेंटर काउंसलर रविता, रिंकी पैरामेडिकल रंजीत आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने अवैध हथियार सहित तीन बदमाशों को किया गिरफ्तार भेजा जेल

वेलकम इंडिया







**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से अवैध तमंचे, कारतूस और चाकू बरामद करते हुए अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया है। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने सभी थाने की पुलिस को संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों चेकिंग करने के निर्देश दे रखे हैं। गुरुवार की सवेरे गंगेरू पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि क्षेत्र में दो संदिग्ध व्यक्ति घूम रहे हैं और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। मुखबिर के बताए गए स्थान पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए मौके से दो संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया।

पुलिस तलाशी लेने पर दोनों के कब्जे से तमंचे और कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम अंकित चौहान पुत्र महिपाल सिंह,व दूसरे ने विशाल पुत्र राजेंद्र निवासी ग्राम डुन्डुखेडा, बताया। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया ?दुसरी और भभीसा चौकी पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि गांव मतनावली के निकट एक युवक चाकू लेकर खड़ा हुआ है और किसी घटना को अंजाम दे सकता है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ लिया जिसे अपना नाम मुन्ना पुत्र ओमपाल निवासी ग्राम मतनावली बताया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है पुलिस पकड़े गए तीन अभियुक्तों के अन्य अपराधिक इतिहास खंगालने में जूटी हुई है।

# सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल से करें कार्य

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** नवागत जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली।इस दौरान उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि हम सभी का उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान कर उन्हें सुविधाएं देकर सहूलियत प्रदान करना है। इसलिए सभी विभाग पारदर्शिता, समयबद्धता और तत्परता के साथ कार्य करें।

डीएम अक्षिता कोंडे ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि जिले में निमार्णाधीन विकासात्मक कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और उन्हें समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को पेपर लेस कार्यप्रणाली अपनाने पर जोर देते हुए ई-ऑफिस लागू करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को लंबित कार्यों का त्वरित निस्तारण करने और वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने की भी हिदायत दी गई।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निरंतर फील्ड विजिट करें, जिससे वास्तविक स्थिति का पता चल सके। उन्होंने कृषि, उद्यान, पर्यटन सहित सीधे आजीविका और जनता से जुड़े विभागों को बड़े प्रोजेक्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अस्पतालों, विद्यालयों सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी सक्रिय रखने के साथ ही डाटा संरक्षित रखने के भी आदेश दिए। डीएम ने अधिकारियों को बिना अनुमति कार्यालय न छोड़ने की हिदायत दी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अधिकारी जनता का फोन अवश्य रिसीव करें क्योंकि हमारा भाव जनता की सेवा करने का होना चाहिए।

# विश्व खाद्य दिवस पर एनएसएस के छात्रों नें निकाली रैली




वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** डॉ.घनश्याम सिंह महाविद्यालय सोयेपुर में 16 अक्टूबर 2025 गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) इकाई एवं गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'विश्व खाद्य दिवस' के अवसर पर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गयो रैली का मुख्य उद्देश्य खाद्य सुरक्षा,पौष्टिक आहार के महत्व और खाद्य पदार्थों की बबादी रोकने के प्रति लोगों को जागरूक करना थो ? महाविद्यालय के प्रबंधक नागेश्वर सिंह एवं प्राचार्य डॉ. आनंद सिंह ने स्वयंसेवियों को संबोधित कर रैली को रवाना कियो राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक और गृह विज्ञान विभाग की छात्राएं नारे लिखे बैनर और पोस्टर लेकर सोयेपुर क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से गुजरे। छात्रों ने भोजन बचाओ,जीवन बचाओ,स्वस्थ खाओ, स्वस्थ रहो जैसे नारे लगाकर आम जनता को जागरूक कियो रैली के समापन के उपरांत,राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं गृह विज्ञान विभाग की टीम ने वाराणसी के देवा मलीन बस्ती का दौरा किया।

# मकान निर्माण कर रहे पिता पुत्र पर लाठी डंडों से हमला



वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में मकान निर्माण कर रहे पिता, पुत्र पर परिवार के अन्य लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और मकान निर्माण कार्य रुकवा दिया पीड़ितों ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित को जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी जबरदीन ने बताया कि गुरुवार को वह अपनी भूमि पर मकान निर्माण कर रहा था आरोप है कि तभी उसके परिवार के ही भाई व उसके पुत्रों ने आकर निर्माण कार्य रुकवा दिया जब उसके पुत्र फुरकान एवं पीड़ित के द्वारा विरोध किया गया तो आरोपियों ने लाठी डंडों से उन पर हमला बोल दिया और घायल कर दिया। शौर शराबा होने पर गांव के अन्य लोग भी मौके पर आ गए जिन्होंने बीच बचाव कराया।

पीड़ित व्यक्ति ने अपने पुत्र के साथ थाने पर पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए अपने मकान के निर्माण कार्य करने की भी मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# एक दिवसीय बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला का विकास भवन सभागार में हुआ आयोजन

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया




**प्रतापगढ़।** दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जनपद के समस्त बैंक शाखा प्रबन्धकों का सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया जिसका शुभारम्भ जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा किया गया।

कार्यशाला में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला विकास अधिकारी के0एन0 पाण्डेय, उपायुक्त स्वतः रोजगार देव कुमार यादव, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह के साथ एनआईआरडीपीआर हैदराबाद द्वारा नामित नेशनल रिसोर्स पर्सन प्रकाश खोखर व जितेंद्र एवं जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक गोपाल शेखर झा, आरसेटी डायरेक्टर तथा जिला मिशन प्रबंधक संजय, सुमन, प्रभारी जिला मिशन प्रबंधक उमेश कुमार, नफीश, सुरेन्द्र और राजबहादुर के साथ-साथ विकास खंड से ब्लॉक मिशन प्रबंधक, बैंक सखी सहित लगभग 150 लोग उपस्थित रहे।

कार्यशाला में जिलाधिकारी द्वारा वित्तीय समावेशन पर जानकारी देते हुए बैंकर्स के साथ समूहों को समस्त अपेक्षित सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जनपद के सभी बैंकों के जिला समन्वयक विभिन्न शाखा के शाखा प्रबंधक भी उपस्थित रहे। नेशनल रिसोर्स पर्सन प्रकाश खोखर व जितेंद्र के द्वारा वित्तीय समावेशन, बैंक लिंकेज, डिजिटल फाइनेंस, इंटरप्राइजेज फाइनेंसिंग पर जानकारी दी गई तथा जिले के आर्थिक एवं समाजिक विकास में स्वयं सहायता समूह व संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला गया एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों को प्राप्त होने वाले रिवाल्विंग फण्ड एवं सामुदायिक निवेश निधि, सी०सी०एल०, बैंक सखी आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।एनआरएलएम के अंतर्गत शाखा पर पदस्थापित बैंक सखी भी उपस्थित रहीं और अपनी समस्याओं को रखते हुए अपनी जानकारी में बढ़ोत्तरी की। एलडीएम के द्वारा बैंकों में लंबित सीसीएल पत्रावली के निस्तारण हेतु बैंकों को निर्देशित किया गया। साथ ही शाखा प्रबंधकों के द्वारा भी अपनी समस्याएं साझा की गई जिसका निदान एनआरपी के द्वारा किया गया। कार्यशाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा प्रबंधकों, जिला मिशन प्रबंधको और ब्लॉक मिशन प्रबंधको के साथ बैंक सखियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने गुरुवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय में विभिन्न वार्डों का जायजा लिया, जिसमें ओपीडी फिजिशियन रूम, एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड रूम, इमर्जेंसी रूम, प्रसूति एवं लेबर रूम, दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, नेत्र रोग कक्ष, बाल चिकित्सा वार्ड, जनरल वार्ड आदि शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवाओं के स्टॉक रजिस्टरों की भी जांच की और मुख्य चिकित्सा अधिकारी से चिकित्सालय में उपलब्ध डॉक्टरों, सपोर्टिंग स्टाफ, दवाओं के स्टॉक, मेडिकल उपकरणों और एंबुलेंस की स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने सीएमओ को जिला अस्पताल के सामने खाली पड़े भवन को ध्वस्त करने के निर्देश दिए, ताकि उस स्थान पर मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण कर पार्किंग की समस्या को दूर किया जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने अस्पताल में बिजली की तारों की पैनलिंग, स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने, क्यूआर कोड रिसीप्ट मशीन की मांग पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यूआईडी के निर्धारित लक्ष्य नौ हजार को आगामी छः माह में पूर्ण करने और नव-निर्मित जिला चिकित्सालय भवन के निर्माण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया कि वे नियमित अंतराल पर जिला चिकित्सालय का निरीक्षण करें।

जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी को लेकर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि चिकित्सकों की रिक्त पदों को भरने के लिए शासन स्तर से मांग की जाएगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में कोई बाधा न आए।इस दौरान एसडीएम प्रियंका रानी, सीएमओ कुमार आदित्य, सीएमएस डॉ तपन शर्मा,डॉ दीपक कुमार, सहित जिला अस्पताल के डॉक्टर्स मौजूद रहे।

## खेतों में यदि किसी ने पराली जलाई तो होगी सख्त कार्रवाई: तहसीलदार

**बुलंदशहर।** शिकारपुर तहसील क्षेत्र में अगर किसी किसान द्वारा धान के खेतों में पराली जलाई तो होगी सख्त कार्रवाई तहसीलदार गौरव बिश्नोई ने किसानों से अपील की है कि तहसील क्षेत्र में कोई भी किसान पराली ना जलाएं यदि किसी के पास धान की पराली ज्यादा है तो वह गौशाला में भी दान कर सकता है जिससे गौशालाओं में चारे के काम आ सके क्योंकि जिलाधिकारी एवं कृषि विभाग द्वारा पराली जलाने पर कार्यवाही करते हुए जुमार्ना वसूल करने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। तहसीलदार ने बताया है कि खेत में फसल के अवशेष जलाया जाना एक दंडनीय अपराध है।पर्यावरण क्षतिपूर्ति हेतु दंड का प्रावधान है जैसे कि 2 एकड़ से कम क्षेत्र के लिए जुमार्ना 2500 रुपए तथा 2 एकड़ से 5 एकड़ तक रू5000 तथा 5 एकड़ से अधिक के लिए रू15000 जुमार्ना वसूला जाएगा।

# अतिक्रमण पर चला नगर पालिका का पीला पंजा

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** कस्बे के गंगेरू मार्ग पर कबाड़ियों के द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण के विरुद्ध पालिका प्रशासन ने ठोस कदम उठाते हुए जेसीबी मशीन चलाकर अतिक्रमण हटवाया और दोबारा से अतिक्रमण करने पर सख्त चेतावनी दी। कस्बे के गंगेरू मार्ग पर कई कबाड़ियों ने अपनी दुकान खोल रखी है। दुकानदार अपनी दुकान के बाहर लोहे कबाड़ डालकर अतिक्रमण कर रखा है अतिक्रमण होने से सड़क से गुजरने वाले वाहन स्वामियों सहित राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कस्बे के लोगों ने पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम से शिकायत कर अतिक्रमण हटवाने की मांग की थी। गुरुवार को नगर पालिका परिषद की टीम जेसीबी मशीन लेकर गंगेरू मार्ग पर पहुंची और सख्ती के साथ अतिक्रमण हटवाया। नगर पालिका परिषद की टीम ने अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दोबारा से अतिक्रमण किया तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# आर.के.जी.आई.टी. में जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट का भव्य शुभारंभ

वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद,(अनिल वशिष्ठ)।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आर.के.जी.आई.टी.), गाज़ियाबाद में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट 2025 का भव्य उद्घाटन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। यह दो दिवसीय खेल महोत्सव (16 एवं 17 अक्टूबर 2025) विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न कॉलेजों के छात्रों में खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ राज सिंह, कमांडेंट बी.एस.एफ. (सेवानिवृत्त) एवं द्रोणाचार्य पुरस्कार (आजीवन) प्राप्तकर्ता द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का निर्माण करते हैं। कार्यक्रम के पर्यवेक्षक के रूप में डॉ. आर. के. सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार, ए.के.टी.यू. उपस्थित रहे। उन्होंने आर.के.जी.आई.टी. द्वारा आयोजित इस जोनल फेस्ट की सराहना की और विद्यार्थियों को खेल के साथ-साथ शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया। जोनल कोऑर्डिनेटर आलोक त्यागी ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की। प्रतिभागियों को फेयर गेम्स की शपथ डीन स्टूडेंट वेलफेयर एच. जी. गर्ग द्वारा दिलाई गई, जिसमें निष्पक्षता, अनुशासन और खेल भावना को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथियों में अक्षत गोयल, उपाध्यक्ष आर.के.जी.आई.टी.; डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, सलाहकार





आर.के.जी.आई.टी.; डॉ. डी. के. चौहान, कार्यकारी निदेशक; डॉ. बी. सी. शर्मा, निदेशक; श्री विकास त्यागी, संयोजक; तथा श्री सौरभ सिंह, सह-संयोजक उपस्थित रहे। इस फेस्ट में ए.के.टी.यू. के कुल 21 कॉलेजों से लगभग 1220 छात्र-छात्राएँ भाग ले रहे हैं, जो एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शतरंज आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। यह दो दिवसीय आयोजन युवा तकनीकी छात्रों में एकता, अनुशासन और खेल संस्कृति को सशक्त बनाने का उत्कृष्ट प्रयास है।

# लंबित मामलों के समयबद्ध निस्तारण हेतु विशेष अभियान

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय/अपराध केशव कुमार चौधरी ने गुरुवार को सर्किल इंदिरापुरम के थाना खोड़ा, थाना कौशांबी और थाना इंदिरापुरम में लंबित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य गंभीर अपराधों की त्वरित विवेचनाओं के माध्यम से पुलिस की कार्यक्षमता और जनता के विश्वास को मजबूत करना था।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने सबसे पहले थाना खोड़ा का निरीक्षण किया और विवेचना कक्ष में विवेचकवार बैठक आयोजित की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक विवेचक से मामलों की वर्तमान स्थिति, जांच की प्रगति और लंबित कारणों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी गंभीर अपराधों की विवेचनाएं प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण की जाएँ और किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त केशव कुमार चौधरी ने थाना प्रभारियों को आदेशित किया कि सभी विवेचक अपनी दैनिक समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करें। निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड रजिस्टर, मालखाना, कंप्यूटर कक्ष और सीसीटीएनएस सिस्टम की भी जांच की गई। उन्होंने पुलिसकर्मियों को व्यवहार, अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। केशव चौधरी ने यह भी कहा कि हर केस का निस्तारण तय समय सीमा के भीतर किया जाए और लंबित मामलों को समाप्त करने के लिए सभी थानों में समन्वय और सक्रियता सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों का मानना है कि इस अभियान से न केवल लंबित विवेचनाओं का समय पर निपटान सुनिश्चित होगा, बल्कि जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा भावना भी मजबूत होगी। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों में जिम्मेदारी, तत्परता और पारदर्शिता बनाए रखने की संस्कृति को भी बल मिलेगा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य पूरे क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना और अपराध नियंत्रण में तेजी लाना है, ताकि नागरिकों को सुरक्षा की अधिक अनुभूति हो और पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

# त्योहार की खुशियों को फैलाएं समाज के हर कोने में और जरूरतमंदों के साथ साझा करें

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दीपावली का पर्व न केवल रोशनी और उल्लास का त्योहार है, बल्कि यह सामाजिक एकता, भाईचारा और नैतिक मूल्यों का प्रतीक भी है। इस अवसर पर नागरिकों को अपने जीवन और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का अवसर मिलता है। इसी संदर्भ में व्यापारी एकता समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने दीपावली पर्व के महत्व पर जोर देते हुए नागरिकों से अपील की कि इस बार हम स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करें और प्रदूषण रहित दीपावली मनाएं। प्रदीप गुप्ता ने कहा कि अक्सर दीपावली के समय सस्ते चाइनीज सामान और पटाखों के प्रयोग से न केवल पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक होता है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि इस पर्व पर स्वदेशी वस्तुओं और पारंपरिक दीयों का प्रयोग किया जाए, जिससे न केवल हमारे उद्योगों को समर्थन मिलेगा, बल्कि पर्यावरण को भी सुरक्षित रखा जा सकेगा। उनका मानना है कि हर व्यक्ति अपने स्तर पर छोटे-छोटे प्रयास करके बड़ी सामाजिक जिम्मेदारी निभा सकता है। इसके साथ ही प्रदीप गुप्ता ने समाज के वंचित और जरूरतमंद लोगों की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि कई ऐसे घर और परिवार हैं, जहां दीपावली की रोशनी और खुशी पहुंच नहीं पाती। ऐसे में हमें अपने समाज के इन लोगों तक दीपावली की खुशियों और उजाले को पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ दान या भौतिक सहायता नहीं है, बल्कि सहानुभूति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस मौके पर व्यापारियों और नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने आसपास के लोगों के साथ मिलकर दीपावली के इस पर्व को सकारात्मक संदेश देने वाला और पर्यावरण के अनुकूल बनाएं। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व केवल अपने घर तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे समाज के सभी हिस्सों में फैलाना चाहिए। यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी और मानवता का परिचायक है। प्रदीप गुप्ता ने आगे कहा कि व्यापारियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। उन्हें चाहिए कि वे अपने स्टालों और दुकानों में स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करें। इसके माध्यम से न केवल आर्थिक रूप से स्थानीय उद्योगों को बल मिलेगा, बल्कि समाज में स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापारियों और नागरिकों को मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दीपावली का पर्व स्वच्छ और प्रदूषण रहित तरीके से मनाया जाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस बार लोग अत्यधिक रासायनिक और प्रदूषणकारी पटाखों का प्रयोग करेंगे, तो इसका स्वास्थ्य और पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण देने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर प्रदीप गुप्ता ने एक विशेष संदेश भी दिया कि दीपावली केवल खुशियों और रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि यह समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। हमें अपने छोटे-छोटे प्रयासों से समाज में भाईचारा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करना चाहिए।



# कहासुनी से बड़ा विवाद, मारपीट में तीन घायल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव जहांगीरपुर में बुधवार देर शाम एक मामूली कहासुनी के चलते दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक रूप ले लिया। विवाद धीरे-धीरे बढ़कर जमकर मारपीट और पथराव तक पहुंच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया।

विवाद का आरंभ हुआ कासिम और मोहम्मद जफर के घरों के पास रखी कुर्सी को लेकर, जिस पर बैठने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई। कुछ ही देर में गाली-गलौज और हाथापाई शुरू हो गई। इसके बाद दोनों पक्षों ने अपने साथियों और परिवारजनों को भी बुलाया, जो लाठी-डंडों से लैस होकर मौके पर पहुंचे और एक-दूसरे पर हमला करना शुरू कर दिया। इस दौरान पथराव का भी आरोप है। घटना स्थल पर अफरातफरी का माहौल बन गया और लोग घर में छिप गए। पुलिस सूचना पर पहुंची और मामले को शांत कराया। मौके पर वीडियोग्राफी कराई गई, जिसके आधार पर 15 आरोपितों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। दारोगा रंजीत कुमार की ओर से दर्ज मामले में जिन आरोपितों के नाम शामिल हैं, उनमें कासिम, मयुनद्दीन, खातून, फहमुद्दीन, आदिल, इरफान, मोहम्मद जफर, यामीन, अनीशू, फकीरा, परवेज, शहजाद, शमशूर, साहिल उर्फ ढोल और एक अज्ञात व्यक्ति शामिल हैं। घायल तीन लोगों को उपचार के लिए सीएचसी मोदीनगर ले जाया गया। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि पुलिस आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है और जल्द ही सभी को कानून के दायरे में लाया जाएगा।

# राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता अभियान के साथ नगर पंचायत पतला की कमेटी घोषित

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय लोकदल नगर पंचायत पतला के तत्वाधान में सदस्यता अभियान कार्यक्रम नगर पंचायत पतला की चेयरपर्सन श्रीमती रीता चौधरी के आवास पर आयोजित किया। रीता चौधरी ने आये अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। रालोद के नगर अध्यक्ष मनीष जांगड़ा ने नगर की कमेटी घोषित की। कार्यक्रम में तेजपाल सिंह सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी रालोद, चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रामपाल चौधरी जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल ने की। कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र सिंह पतला क्षेत्रीय महासचिव रालोद जिला प्रभारी हापुड़ ने सुंदर से किया।



लोकदल के वरिष्ठ नेतागण बिट्टू खंजरपुर क्षेत्रीय सचिव व जिला प्रभारी हापुड़, विनोद चौधरी क्षेत्रीय महासचिव, विनोद गौतम जिला उपाध्यक्ष, अलोक चौधरी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष की उपस्थिति रही। नगर पंचायत कमेटी में मनोनीत उपाध्यक्ष जम्मल सैनी आकाश सैन, मनोज शर्मा, केतन शर्मा उर्फ मोंटी, मोहम्मद गफ्फार, प्रदीप उर्फ लाला, महासचिव- सतेंद्र सैनी, अमित कश्यप, कुंदन सैनी, जलालूउद्दीन, मनोज कश्यप, ऊष्मान, रविन्द्र सैनी, मोनू सैनी, सचिव- जयबीर कश्यप, ऋषि वाल्मीकि, मन्नू सैनी, मांटू प्रजापति, मो. शाहरुख, मो. शहजाद, मोंटी चौधरी, राजबीर, कोषाध्यक्ष राहुल शर्मा ने रालोद की सदस्यता ग्रहण कर सदस्यता अभियान में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में नगर के सैंकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर लगाने पहुँची बिजली की टीम का लोगों ने किया विरोध

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** सीकरी रोड पर बिजली विभाग की टीम पुलिस बल साथ में लेकर स्मार्ट मीटर लगाने पहुँची तो लोगों ने जबरदस्त विरोध किया। बिजली विभाग की टीम ने जबरदस्ती लोगों के घर में मीटर लगाने शुरू कर दिए। स्थानीय लोगों ने विरोध किया तो पुलिस उन्हें धमकाने लगी। डॉ बबली गुर्जर व राहुल गुर्जर मौके पर अपनी टीम के साथ पहुंचे तो लोगों ने बताया कि 4 दिन पहले जो स्मार्ट मीटर लगाए गए थे उनमें कई गुना रीडिंग बढ़ के आ रही है। स्मार्ट मीटर लगाने का स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध किया विरोध बढ़ता देख मीटर लगाने वाली टीम व पुलिस को वहां से वापस भेज दिया गया। डॉ॰ बबली गुर्जर राहुल गुर्जर ने संयुक्त रूप से कहा कि स्मार्ट मीटर लगाना लोगों के साथ सरासर अन्याय है। ये किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा मौके पर मुख्य रूप से डॉ बबली गुर्जर राहुल प्रधान विनोद थामिया। सोनु प्रधान मेहराम चंदेला अमित प्रधान जयप्रकाश शर्मा पप्पन शर्मा राज वर्मा परशुराम गुर्जर ईश्वर सिंह राजेंद्र सिंह राहुल कुमार नवीन जैन आदी रहे।

# रेरा समाधान दिवस के सकारात्मक परिणाम, तीन आवंटियों को समझौते के आधार पर हुआ भुगतान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष अतुल वत्स के दिशा-निर्देशन में रेरा से जुड़े प्रकरणों के निस्तारण के उद्देश्य से प्रत्येक माह के बृहस्पतिवार को आयोजित रेरा समाधान दिवस के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। गुरुवार को आयोजित रेरा समाधान दिवस के दौरान तीन आवंटियों/शिकायतकताओं ऋचा सिंघल, खुशबू सिंघल और रोहित गोयल को समझौते के आधार पर भुगतान किया गया। इसके साथ ही इन प्रकरणों को समझौते के आधार पर पूर्णतया समाप्त कर दिया गया। इस अवसर पर कुल ग्यारह शिकायतकर्ता/आवंटी उपस्थित रहे, जिनमें से तीन शिकायतकताओं ने समझौता हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। इस प्रक्रिया के माध्यम से आवंटियों को उनकी समस्याओं का निरंतर और त्वरित समाधान मिलना सुनिश्चित हुआ। उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने रेरा समाधान दिवस की सफलता को देखते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को पुनः निर्देशित किया कि आवंटियों से जुड़ी समस्याओं का समय से निस्तारण किया जाए, ताकि उन्हें रेरा या अन्य संस्थानों के द्वार तक पहुँचने की आवश्यकता न पड़े।

रेरा समाधान दिवस के माध्यम से न केवल आवंटियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो रहा है, बल्कि यह आवासीय परियोजनाओं में पारदर्शिता, विश्वास और जिम्मेदारी की भावना को भी बढ़ावा दे रहा है। अधिकारियों का मानना है कि इस प्रकार के नियमित कार्यक्रमों से आवंटियों का भरोसा और संतोष सुनिश्चित होता है, और प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को सुगम और प्रभावी बनाया जा सकता है। आगामी महीनों में भी रेरा समाधान दिवस के आयोजन से अधिक से अधिक आवंटियों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की सेवाओं में और सुधार और गति आएगी।

# किडजी मोदीनगर की नन्ही स्टार बनी अमेजन विज्ञापन का चेहरा

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ)।** यह किडजी मोदीनगर परिवार के लिए गौरव का विषय है कि विद्यालय की नन्ही प्रतिभाशाली छात्रा मानिकर्णिका अब अमेजन पोर्टल पर नजर आई हैं। यह उपलब्धि विद्यालय के लिए एक गर्वपूर्ण क्षण है और इस बात का प्रमाण है कि किडजी मोदीनगर अपने विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और मंच भी प्रदान करता है।

हाल ही में किडजी मोदीनगर में आयोजित एसीई टीवी टैलेंट हंट के माध्यम से बच्चों को वेब सीरीज, विज्ञापन और फिल्मी प्रोजेक्ट्स के



लिए ऑडिशन देने का अवसर मिला था। इन्हीं अवसरों में से मानिकर्णिका को वीरांगना विज्ञापन में शामिल होने का सुनहरा मौका प्राप्त हुआ।विद्यालय के प्रबंध निदेशक अनमोल बंसल ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे बच्चों की सफलता ही हमारी सबसे बड़ी पहचान है। किडजी मोदीनगर निरंतर प्रयासरत है कि हर बच्चे को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिले। प्रधानाचार्या सुश्री तारिका माटा ने कहा झमानिकर्णिका की यह सफलता सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। हमें गर्व है कि इतनी छोटी उम्र में हमारे बच्चे अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। पूरे विद्यालय परिवार, शिक्षकों और अभिभावकों ने मानिकर्णिका की इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।विद्यालय परिवार में झ प्रबंध निदेशक अनमोल बंसल, प्रधानाचार्या सुश्री तारिका मट्टा तथा शिक्षकगण : रीता वर्मा, स्नेहा, अंतिमा शर्मा, फिजा जैदी, ऋतिका सिंह, गीता मेहरा, भावना, स्वाति , आशी एवं राशि शामिल हैं।

# उत्थान फाउंडेशन ने मूक-बधिर विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया विशेष कार्यक्रम

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** सामाजिक संस्था उत्थान फाउंडेशन ने अपनी ह्लआइए इस दिवाली खुशियाँ बाँटेंह्व पहल के तहत मूक-बधिर विद्यार्थियों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के जीवन में खुशियाँ, आत्मविश्वास और उत्साह भरना था।कार्यक्रम का आयोजन वनस्थली बालिका इंटर कॉलेज, गंगोल रोड (हवाई पट्टी रोड), परतापुर, मेरठ पर किया गया। कॉलेज की प्रबंधन निदेशक विशाखा ने संस्था के सदस्यो का स्वागत करते हुए उन्हें विद्यार्थियों से मिलवाया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन



किया—उन्होंने राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और रंगीन नृत्य के माध्यम से सभी को मोहित किया। उत्थान फाउंडेशन की संस्थापक सचिव डॉ. सोनिका जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दीपावली के अवसर पर मूक-बधिर विद्यार्थियों के साथ त्यौहार मनाना व उनके लिए उपयोगी वस्तुओं और उपहारों का वितरण करना था। उन्होंने कहा कि ह्लबच्चों की मुस्कान और उनके उत्साह को देखकर हमें यह महसूस हुआ कि हमारा छोटा सा योगदान उनके जीवन में कितनी बड़ी खुशी ला सकता है। उन्होंने प्रस्तुतियों में अपनी मेहनत और प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम में उत्थान फाउंडेशन के सदस्य भी उपस्थित रहे। जिनमें ट्रस्टी व वरिष्ठ सदस्य सुनीत जैन, अंकुरम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या खुशबू बंसल, सोनम बंसल, योगेश सिंह, रितु अग्रवाल, दीपाली सिंगल, पूनम, कविता गुप्ता, ज्योति रानी, मयूराक्षी जैन, अनुपम महेश्वरी, परविंदर कौर, योगेश गुप्ता शामिल थे। सदस्यों ने बच्चों को उपहार, स्कूल बैग, स्टेशनरी आइटम, खिलोने, कैप्स, मोजे, खाद्य पैकेट और सजावट सामग्री वितरित किए। बच्चों ने खुशी-खुशी अपने उपहार प्राप्त किए और पूरे कार्यक्रम में उत्साह और आनंद का माहौल बना रहा। डॉ. सोनिका जैन ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों की मुस्कान और उत्साह ने यह साबित कर दिया कि ऐसे आयोजनों से न केवल समाज में संवेदनशीलता और सहयोग की भावना बढ़ती है, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता भी बढ़ती है। उत्थान फाउंडेशन की टीम ने कहा, कि हम उठते हैं, जब हम दूसरों को उठाते हैं।इस दिवाली पर बच्चों के जीवन में रोशनी और खुशियाँ बाँटना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था।

# दीपावली से पहले गन्ना किसानों को मिला 25 करोड़ रुपये का भुगतान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद की चीनी मिल मोदीनगर में पेराई सत्र 2024-25 के अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर किसानों की लंबे समय से मांगें सुनवाई का रूप ले रही थीं। किसानों ने तहसील दिवस, किसान दिवस और अन्य मंचों पर बार-बार गन्ना मूल्य भुगतान की अपील की। इसी क्रम में जिलाधिकारी गाजियाबाद रविन्द्र कुमार माँदड़ ने चीनी मिल प्रबंधतंत्र के साथ बैठक कर दीपावली से पूर्व गन्ना मूल्य में कुल 25 करोड़ रुपये का भुगतान करने के स्पष्ट निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक में यह भी कहा कि यदि चीनी मिल द्वारा निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं किया गया, तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई, यथा एफ.आई.आर. दर्ज कराने के निर्देश दिए जाएंगे। इन सख्त निर्देशों के अनुपालन में चीनी मिल मोदीनगर ने दीपावली के अवसर पर 16 अक्टूबर गुरुवार को पेराई सत्र 2024-25 के गन्ना मूल्य भुगतान मद में 15 करोड़ रुपये का तत्काल भुगतान किया। इस भुगतान से 25 मार्च 2025 तक का गन्ना मूल्य पूर्ण रूप से चुका दिया गया। इसके अतिरिक्त, पेराई सत्र 2024-25 के शेष भुगतान हेतु चीनी मिल ने 10 करोड़ रुपये के पोस्ट डेटेड चेक जारी किए, जिनकी धनराशि 30 अक्टूबर 2025 तक किसानों को प्राप्त हो जाएगी। इस प्रकार 31 मार्च 2025 तक का शेष गन्ना मूल्य भी सुनिश्चित रूप से चुका दिया जाएगा। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने पेराई सत्र 2024-25 के अवशेष गन्ना मूल्य का तत्काल भुगतान कराने के निर्देश जारी किए और साथ ही यह भी निर्देश दिए कि पेराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ अक्टूबर 2025 के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा। किसानों ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए दीपावली से पहले गन्ना मूल्य भुगतान कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर जिला गन्ना अधिकारी प्रदीप कुमार, राजन चौधरी, दीपक राणा, चौधरी रामपाल सिंह, वेद पाल सिंह मलिक, डी.डी. कौशिक सहित कई किसान बंधु उपस्थित थे। गन्ना किसानों के लिए यह कदम उनकी वित्तीय मजबूती और दीपावली के खुशहाल पर्व की तैयारी में महत्वपूर्ण साबित हुआ। जिलाधिकारी की सक्रियता और सख्त निर्देशों के चलते किसानों को समय पर भुगतान मिलने से उनके चेहरे पर राहत और संतोष साफ झलक रहा है।

## विजय नगर के मकान में आग, दमकल विभाग ने 50 मिनट में काबू पाया, परिवार और किरायदार सुरक्षित

**गाजियाबाद।** विजय नगर क्षेत्र के प्रताप विहार सेक्टर 11 में स्थित रमेश भदौरिया के मकान में गुरुवार की सुबह अचानक आग लग गई। आग से मकान के घरेलू सामान और इलेक्ट्रिक उपकरण जल गए, लेकिन परिवार और किरायदार सुरक्षित बाहर निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गई। मकान में अधिक धुआं होने के कारण टीम ने बीए सेट पहनकर अंदर प्रवेश किया और हौज पाइप से पानी की बौछार कर आग पर लगभग पचास मिनट में नियंत्रण पाया। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है और इसकी जांच जारी है। उन्होंने यह भी कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। स्थानीय लोग और पड़ोसी भी घटनास्थल पर इकट्ठा हुए और दमकल कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। दमकल विभाग के अधिकारियों ने आग के दौरान अपनाई गई तत्परता और सुरक्षा उपायों की जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रकार की घटनाओं में सुरक्षा उपकरणों और प्रशिक्षित टीम की अहम भूमिका रहती है।

## नोएडा में मिशन शक्ति 5.0 के तहत बिसरख एसीपी दीक्षा ने स्कूली छात्राओं को दिया ज्ञान , गुड टच बेड टच समझाया

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** जिला गौतमबुद्धनगर के पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निदेशानुसार प्रभारी पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा मनीषा सिंह के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत एसीपी-2 सेन्ट्रल नोएडा श्रीमती दीक्षा सिंह द्वारा थाना बादलपुर क्षेत्र के अंतर्गत स्कूल में जाकर स्कूली छात्राओं को सुरक्षा, साइबर सुरक्षा व विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।

इस दौरान मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला सुरक्षा सम्बन्धी जानकारियां, साइबर सुरक्षा एवं वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन नंबर डायल-112 के बारे में जानकारी प्रदान की गई। सभी छात्राओं को गुड टच, बेड टच के बारे में बताया गया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर से सम्बन्धित पम्पलेट प्रदान की गई।

## जीडीए के जोन 4 ने हिण्डन नदी के डूब क्षेत्र में ध्वस्तीकरण की करी कार्यवाही



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जीडीए के उपाध्यक्ष महोदय के अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निदेशों के क्रम में 16 अक्टूबर को प्रभारी प्रवर्तन जोन-04 के नेतृत्व में प्रवर्तन जोन-4 के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले हिण्डन नदी के समीप डूब क्षेत्र में दो स्थानों पर अवैध कालोनी/प्लाटिंग हेतु हुए डिमार्केशन के कार्य को (प्रारम्भिक अवस्था में) तथा दो अस्थाई स्थल कार्यालय को पुनः ध्वस्त किया गया तथा साथ ही साथ एक अन्य कालोनी जो पूर्व में कई बार तोडी जा चुकी है, उसमें अवैध रूप से निर्मित भूखण्डों के बाउण्ड्रीवाल को भी ध्वस्त किया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थल पर सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता एवं प्रवर्तन जोन-04 के समस्त स्टॉफ तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा।

# सीडीओ की सख्ती-कृषि विकास को नई रफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद में कृषि विकास कार्यों को गति देने और रबी फसलों की तैयारी को लेकर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में गुरुवार को कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) के निदेशक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सबसे पहले कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

इस दौरान उप कृषि निदेशक श्री रामजतन मिश्र ने बताया कि रबी सीजन के लिए गेहूं बीज की प्रमुख प्रजातियां डीबीडब्लू-187 और डीबीडब्लू-222 जनपद के बीज गोदामों में 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों के लिए उपलब्ध हैं। इसके साथ ही सरसों की सीएस-58 प्रजाति भी पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। राजपुर, लोनी, भोजपुर और मुरादनगर के बीज गोदामों पर बीज किसानों की सुविधा के लिए रखा गया है, जहां से कृषक अपनी आवश्यकता अनुसार बीज प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत जिले को मटर के 4 क्विंटल एवं 5 क्विंटल क्षमता की बखारी के 38 इकाइयों के लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। साथ ही माइक्रोन्यूट्रिएंट 70 हेक्टेयर क्षेत्रफल में तथा सामुदायिक थ्रेशिंग फ्लोर के चार लक्ष्य भी हासिल किए गए हैं। सीडीओ श्री अभिनव गोपाल ने निर्देश दिया कि कृषि विभाग पंजीकृत किसानों के खेतों पर योजनाओं का प्रदर्शन कराए, ताकि अन्य किसान भी प्रेरित होकर नई तकनीकों को अपनाएं। जिला कृषि रक्षा अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि जनपद में रबी की फसलों के लिए सभी आवश्यक कृषि रक्षा रसायन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। किसान इन्हें अनुदान पर क्रय कर सकते हैं। बायोपेस्टिसाइड पर 70-75 प्रतिशत एवं अन्य कृषि रक्षा रसायनों पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने सहायक निबंधक सहकारिता को निर्देशित किया कि सरकारी विक्रय केंद्रों पर यूरिया व अन्य उर्वरकों की उपलब्धता हर समय सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग समय से भुगतान सुनिश्चित करे ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की खाद की कमी का सामना न करना पड़े। सीडीओ अभिनव गोपाल ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभदायक बनाने के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का मैदानी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को योजनाओं की जानकारी दें और सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र किसान इनसे वंचित न रहे।

## गाजियाबाद आरटीओ विभाग में तैनात संभागीय निरीक्षक विपिन कुमार की ए आर टीओ पद पर पदोन्नति

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में तैनात संभागीय निरीक्षक विपिन कुमार जिन्होंने वर्ष 2019 में जिला अम्बेडकर नगर में अपना पहला कार्यभार संभाला था। उसके बाद वर्ष 2021 से 2023 तक अयोध्या में अतिरिक्त चार्ज पर कार्यभार ग्रहण कर अपनी सेवा दी। वर्ष 2023 से वर्तमान तक गाजियाबाद आरटीओ विभाग में संभागीय निरीक्षक पद पर रहते हुए कार्य किया। अपने कार्यों को बड़ी ही जिम्मेदारी से करने वाले विपिन कुमार को नई जिम्मेदारी देते हुए विभाग द्वारा आरटीओ पद पर पदोन्नति की गई। विपिन कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया कि अब तक उन्होंने अपने कार्यभार को बड़ी ही जिम्मेदारी से निभाया है और आगे भी नई भूमिका को जिम्मेदारी से निभायेंगे। इसका साथ ही उन्होंने इस पद पर पदोन्नति के लिए उत्तर प्रदेश शासन वो विभाग का धन्यवाद भी किया।

## नोएडा के फेस 3 पुलिस ने कार्ड बदलकर फ्राड करने वाले 4 बदमाशों को धरा , 67 कार्ड बरामद



वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** नोएडा की थाना फेस-3 पुलिस ने बीट पुलिसिंग और गोपनीय सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एटीएम पर टेप लगाकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी न केवल एटीएम से पैसे निकालकर लोगों को चूना लगाते थे, बल्कि जरूरत पड़ने पर लोगों को डराने के लिए अवैध चाकू भी साथ रखते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से 67 एटीएम कार्ड, एक मोबाइल फोन, 2840 रुपए नकद, एक पैन कार्ड, तीन बिल, 15 कपड़े और चार अवैध चाकू बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पंकज कुमार, धर्मेंद्र, नवलेश सिंह और गोपाल के रूप में हुई है। सभी मूल रूप से बिहार के गया और नवादा जिलों के रहने वाले हैं, जबकि वर्तमान में नोएडा के फेस-2 थाना क्षेत्र के नया गांव में रहते हैं। चारों आरोपी पहले से ही थाना फेस-3 में दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहे थे। पुलिस जांच में पता चला कि यह गिरोह भीड़भाड़ वाले एटीएम को टारगेट करता था। गिरोह का एक सदस्य एटीएम के अंदर प्रवेश कर ग्राहक की मदद करने के बहाने उसका पिन नोट कर लेता था, जबकि दूसरा सदस्य बाहर पहरा देता था। इससे पहले ये लोग एटीएम मशीन के कैश डिस्पेंसर पर काले रंग का टेप चिपका देते थे, जिससे ग्राहक द्वारा पिन डालने के बाद भी रुपए बाहर नहीं निकलते थे। जब ग्राहक असमंजस में पड़ता था तो गिरोह का सदस्य मदद करने का नाटक कर उसकी नजर बचाकर एटीएम कार्ड बदल देता था। ग्राहक गलत कार्ड लेकर लौट जाता था और उसके बाद आरोपी असली कार्ड से पैसे निकाल लेते थे। कार्ड की लिमिट खत्म होने तक ये लोग कैश निकालते और फिर शॉपिंग कर कपड़े आदि खरीद लेते थे। पुलिस ने बरामद 15 कपड़ों और तीन बिलों की पुष्टि भी पीड़ित के एटीएम कार्ड से हुई खरीदारी के रूप में की है।

## हजारों शिक्षक टेट अनिवार्यता के विरोध में कर रहे हस्ताक्षर अभियान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** टेट (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की अनिवार्यता को लेकर गाजियाबाद के हजारों शिक्षक चिंतित हैं और इस पर अपनी विरोध भावना व्यक्त करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं। देश के सभी सेवारत प्राथमिक शिक्षक अब इस परीक्षा को लेकर अपनी सेवा में बने रहने और पदोन्नति पाने के अधिकार को लेकर सतर्क हैं। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक 12 अक्टूबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे के नेतृत्व में मदुरै, तमिलनाडु में आयोजित की गई, जिसमें सभी राज्यों के मुख्य पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 अक्टूबर तक देशभर में सभी राज्यों में शिक्षक हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे। इसके पश्चात, पूरे देश के सांसदों और मंत्रियों को शिक्षक पदाधिकारियों द्वारा संबंधित अधिनियम में संशोधन कराने के लिए स्मृति पत्र सौंपे जाएंगे। यदि केंद्र सरकार द्वारा इसके बावजूद कोई संशोधन नहीं किया गया या समस्या का समाधान नहीं निकला, तो शिक्षक संघ बड़े आंदोलन की तैयारी करेगा।संघ के जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा एक बार नियुक्ति के समय लेने के लिए बनाई गई थी, न कि सेवारत शिक्षकों की पात्रता जांचने के लिए। संघ ने लगातार इस अधिनियम में संशोधन की मांग की है और इसके लिए कई अंतरिम आंदोलन किए हैं।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की सख्ती: 7 लाख से अधिक मूल्य के संदिग्ध पनीर नष्ट

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दीपावली के शुभ अवसर से पहले जनपद गाजियाबाद में आमजन की सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बड़ी कार्यवाही की। सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड द्वितीय अरविंद यादव के नेतृत्व में गुरुवार को टीम ने साहिबाबाद की नवीन फल-सब्जी मंडी और अन्य स्थानों पर संदिग्ध पनीर के स्टॉक की जांच की।

तहकीकात में सामने आया कि साहिबाबाद मंडी पर बुराक्सर, पलवल (हरियाणा) निवासी विक्रेता ने जंगी मिल्क प्लांट बुराक्सर, पलवल से लगभग 650 किलो पनीर, जिसकी अनुमानित कीमत 1,95,000 रुपये थी, लाकर मंडी में विक्रय के लिए रखा था। टीम ने पाया कि पनीर प्लास्टिक के ड्रम में दूषित और अस्वच्छ तरीके से भंडारित किया गया था। पनीर में मिलावट की संभावना के कारण सभी स्टॉक्स को नष्ट कर दिया गया। इसी प्रकार, बुलंदशहर के डाबर गांव से नकली दूध से निर्मित पनीर राकेश मार्ग, गाजियाबाद स्थित मां अंबे डेरी में आपूर्ति की जा रही थी। टीम ने इस प्रतिष्ठान पर भी जांच की और नॉन-फ्रीजिंग स्थिति में रखे गए लगभग 75 किलो पनीर, जिसकी अनुमानित कीमत 27,000 रुपये, को संदिग्ध मिलावट के कारण नष्ट किया गया। सहायक आयुक्त अरविंद यादव ने बताया कि यह कार्रवाई आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा और त्योहार के समय खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है।

# सोसाइटी समितियों के अध्यक्ष-सचिव जिम्मेदारी से कार्य करें:डीएम

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा प्रतिदिन की तरह आयोजित जनसुनवाई में इस बार सोसाइटी समितियों के अध्यक्षों और सचिवों की कार्यशैली को लेकर सख्त संदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता के साथ समाधान कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और स्थलीय निरीक्षण के बाद ही निस्तारण किया जाए। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने नगर निगम, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग और अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और समझा। उन्होंने प्रार्थियों से यह भी जाना कि क्या उन्होंने पहले भी इस विषय में कोई प्रार्थना पत्र दिया था या नहीं। सभी प्रार्थियों को भरोसा दिलाया गया कि उनकी समस्याओं का समाधान समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण रूप से किया जाएगा। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कहा कि कई सोसाइटी समितियों के अध्यक्ष और सचिव मनमानी, अभद्र व्यवहार और लिफ्ट सहित अन्य व्यवस्थाओं की उपेक्षा कर रहे हैं। सुधार के लगातार निर्देश देने के बावजूद परिणाम न मिलने पर उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एक टीम गठित की, जिसमें संबंधित एसीपी, डिप्टी रजिस्ट्रार, सब-रजिस्ट्रार और क्षेत्रीय अधिकारी शामिल हैं। टीम को निर्देशित किया गया कि यदि सोसाइटी के अध्यक्ष/सचिव नियमानुसार कार्य नहीं करेंगे तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर जिलाधिकारी ने एक वीडियो संदेश जारी कर सोसाइटी अध्यक्षों और सचिवों को चेतावनी दी कि यदि लिफ्ट और अन्य व्यवस्थाओं में कमी पाई गई और किसी अनहोनी की घटना होती है, तो वे स्वयं इसके पूर्ण उत्तरदायी होंगे और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय लोगों के साथ किसी बाउंसर या अन्य व्यक्ति द्वारा अभद्रता या धमकी दी जाती है, तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सोसाइटी अध्यक्षों/सचिवों को हिदायत दी कि वे निजी स्वार्थ छोड़ें, नियमों को आत्मसात करें और अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण ईमानदारी व कर्त्तव्यनिष्ठा के साथ निभाएं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सोसाइटी के लोगों की जिंदगी और सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई में एडीएम एल/ए विवेक मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय और आईएएस अयान जैन (ट्रेनी) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस सख्त संदेश और निर्देशों से सोसाइटी समितियों को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सचेत होने की चेतावनी मिली है, और नागरिकों को आश्वासन मिला कि उनकी समस्याओं का समाधान प्रभावी और समय पर किया जाएगा।